

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 19 जुलाई 2025

संवत 2082, श्रावण कृष्ण 9 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 315 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ दादी नानी की लोरियों से दूर होता बचपन

सुम्बुल खान ने एक बिखरे परिवार में बेटी की मजबूती को अनोखा अंदाज में पेश किया ◀◀ 6


# लातेहार में उपद्रवियों ने जमकर मचाया उत्पात, दो गाड़ियों में लगाई आग

**संवाददाता**

**लातेहार:** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चमातू कोलियरी परिसर में बीती रात अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया है। अपराधियों ने दो गाड़ियों में आग लगा दी। घटना के बाद जिला एसपी के निर्देश पर पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। वहीं, पुलिस टीम द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। दरअसल, बीती रात लगभग 6 की संख्या में अपराधी कोलियरी परिसर में पहुंचे और वहां खड़े एक हाइवा और एक अन्य वाहन में आग लगा दी। इस घटना में दोनों गाड़ियां पूरी तरह जल गई। मौके पर अपराधियों ने वहां उपस्थित लोगों को धमकी भी दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। इसके बाद तुरंत लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी।



### किसी भी हाल में अपराधी को नहीं छोड़ा जाएगाः एसपी

घटना की पुष्टि करते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। हिंसक घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा। बता दें कि अपराधियों के द्वारा पिछले 15 दिनों के अंतराल में तीन अलग-अलग स्थान पर गाड़ियों को फूंकने की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि पुलिस के द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दी गई है। लातेहार पुलिस के द्वारा क्षेत्र में काम कर रहे संवेदक और कारोबारी को भी आश्वासन दिया गया है कि उन्हें पूरी सुरक्षा दी जाएगी। धमकी मिलने पर पुलिस को करें सूचित: इधर, लातेहार एसपी कुमार गौरव ने भी लातेहार जिले में काम कर रहे सभी कारोबारी, संवेदक तथा अन्य लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि कि यदि किसी अपराधी या नक्सली के द्वारा उन्हें किसी प्रकार की कोई धमकी दी जाए तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस उन्हें पूरी सुरक्षा देगी। साथ ही ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# गरीब रथ एक्सप्रेस के इंजन में धमाके के साथ उठी लपटें, 500 यात्री थे सवार

**एजेंसी**

**अजमेरः** राजस्थान के अजमेर ज़िले में शनिवार तड़के एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया, जब मुंबई से दिल्ली जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12216) के इंजन में अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 3 बजे उस वक्त हुई, जब ट्रेन सेंदड़ा स्टेशन के पास से धीमी गति से  से गुजर रही थी। लोको पायलट की सूझबूझ से बची सैकड़ों जानें: इंजन से धुआं उठता देख लोको पायलट ने बिना देर किए ट्रेन को तुरंत रोका और रेलवे नियमों के तहत अलर्ट मोड में जाते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की। उस समय ट्रेन में करीब 500 से अधिक यात्री सवार थे। गनीमत रही कि आग केवल इंजन तक ही सीमित रही और किसी भी कोच तक नहीं पहुंच सकी, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

रेलवे प्रशासन तुरंत हुआ सक्रियः घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। यात्रियों को अस्थायी रूप से स्टेशन पर रोका गया और फिर वैकल्पिक इंजन की व्यवस्था कर यात्रा को दोबारा शुरू कराया गया। कुछ यात्रियों को दूसरी ट्रेनों से भी गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई।



**क्या था कारण?**

रेलवे अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच में आग लगने के पीछे तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई है। फिलहाल इंजन को ट्रैक से हटा दिया गया है और लाइन को दुरुस्त करने का कार्य जारी है। एहतियात के तौर पर, सेंदड़ा स्टेशन से गुजरने वाली अन्य ट्रेनों की गति भी सीमित कर दी गई है, ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

ज्ञात हो गरीब रथ एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस (मुंबई) से दिल्ली के सराय रोहिल्ला स्टेशन तक चलती है। यह ट्रेन आमतौर पर अजमेर और आबूरोड के बीच बिना रुके गुजरती है और सेंदड़ा जैसे छोटे स्टेशनों पर इसका स्टॉप नहीं होता। हालांकि, उस वक्त ट्रेन धीमी रफ्तार से चल रही थी, जिससे लोको पायलट को समय पर खतरे का आभास हुआ और बड़ा हादसा टल गया।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा

# कार के उड़े परखच्चे, सड़क पर लगा लाशों का ढेर,छह की मौके पर ही मौत

**एजेंसी**

**मथुराः** जिले के थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे माइक स्टोन 140 पर करीब तीन बजे इको गाड़ी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ईको गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नोएडा से आगरा आ रहे थे सभी : ईको कार सवार नोएडा से आगरा की ओर आ रहे थे। कार में सवार धर्मवीर पुत्र जवर सिंह निवासी ग्राम हरलालपुरा थाना बासोनी आगरा, रोहित पुत्र धर्मवीर, आर्यन पुत्र धर्मवीर बासोनी आगरा, दलवीर उर्फ छुल्ले व पारस सिंह तोमर पुत्रगण विश्वनाथ सिंह निवासीगण ग्राम बढ़पुरा हुसैद थाना महोबा मध्य प्रदेश आदि लोगों की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। सोनी पत्नी धर्मवीर और पायल पुत्री धर्मवीर निवासीगण हलालपुर थाना बासोनी आगरा गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार राय और थाना प्रभारी रंजना सचान ने बताया इको गाड़ी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। मृत लोगों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है।




# झरिया में भू-धंसान से जमीनदोज हुआ वाहन, मचा हड़कंप



**संवाददाता**

**झरिया :** इंदिरा चौक के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग से कुछ ही दूरी पर शुक्रवार देर रात अचानक भू-धंसान की घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

इस हादसे में वर्षों से एक स्थान पर खड़ी पुरानी 407 गाड़ी देखते ही देखते जमीन में समा गई। जमींदोज हुई गाड़ी मोहम्मद रियाज नामक व्यक्ति की है, जिसका पास में गाड़ी पाट्र्स का दुकान है। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की हालांकि मौके पर किसी स्थायी सुरक्षा या चेतावनी का इंतजाम नहीं होने के कारण लोग घटनास्थल के समीप तक पहुंच रहे हैं, जिससे यह स्थान सेल्फी प्वाइंट बनता जा रहा है, जो किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। जिला प्रशासन और बीसीसीएल के अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी गई। बीसीसीएल की तकनीकी टीम से स्थल निरीक्षण कर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर भारी मात्रा में हथियार बरामद

**एजेंसी**

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कम से कम छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार दोपहर उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षा बलों और नक्सलियों का आमना-सामना हो गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक संयुक्त अभियान चलाया था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद मुठभेड़ स्थल से अब तक छह नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मौके से एके-47/एसएलआर राइफलें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की कई वस्तुएं भी बरामद हुई हैं। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।



# जम्मू-कश्मीर पुलिस का बड़ा एक्शन : आतंकियों की तलाश के लिए घाटी के चार जिलों में 10 जगहों पर चलाया अभियान

**एजेंसी**

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में आतंक से जुड़े एक मामले में श्रीनगर की कई जगहों पर तलाशी अभियान जारी है। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस विंग एक आतंकी मामले के सिलसिले में घाटी में कई जगहों पर तलाशी ले रही है। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) द्वारा कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 जगहों पर तलाशी ली जा रही है। आतंकवादी स्लीपर सेल और भर्ती मॉड्यूल का पता लगाने के लिए तलाशी ली जा रही है।उन्होंने बताया कि सीआईके की तलाशी गंदेरबल में छह, बडगाम में दो और पुलवामा व श्रीनगर में एक-एक जगह पर ली जा रही है।



# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के अपर बाजार इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार को हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, मजदूर ऊपरी मंजिल पर काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले में कोतवाली इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि मजदूर की गिरने से मौत हुई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष पर फिर दिया विवादित बयान, कहा-

# सैन्य टकराव दौरान मार गिराए 5 विमान

**एजेंसी**

**नई दिल्लीः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए।" साथ ही उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसी एक पक्ष के विमान मार गिराए गए या फिर वह दोनों पक्षों के नुकसान की बात कर रहे थे। भारत सैन्य टकराव समाप्त कराने के ट्रंप के दावे को वस्तुतः खारिज करते हुए यह कहता रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों पक्षों ने अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाइयां रोकीं। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस' में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा, एक तरफ भारत और दूसरी ओर पाकिस्तान था। दोनों के बीच सैन्य टकराव जारी था। विमान मार गिराए जा रहे थे... चार या पांच विमान। मुझे लगता है कि वास्तव में पांच विमान मार गिराए गए थे... हालात बद से बदतर होते जा रहे थे, है ना?" उन्होंने कहा,...दोनों के पास परमाणु हथियार हैं और वे एक-दूसरे पर हमले कर रहे थे।" ट्रंप ने कहा, भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे से भिड़ रहे थे और स्थिति गंभीर होती जा रही थी। हमने व्यापार के जरिये इसका समाधान किया। हमने कहा ह्यआप लोग व्यापार समझौता करना चाहते हैं।



अगर आप हथियार, शायद परमाणु हथियार से हमला करने वाले हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं कर पाएंगे। दोनों ही बहुत शक्तिशाली परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं।" उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने छह महीने में इतनी उपलब्धियां हासिल कर लीं, जितनी कोई भी अन्य प्रशासन आठ साल में भी हासिल नहीं कर सका। ट्रंप ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने बहुत सारे युद्ध रुकवाए, कई सारे युद्ध... और ये गंभीर युद्ध थे। ट्रंप 10 मई के बाद से विभिन्न अवसरों पर कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खत्म कराने में मदद की और दोनों देशों से कहा कि यदि वे संघर्ष को रोक दें तो अमेरिका उनके साथ बहुत सारा व्यापार करेगा। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सात मई को ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। ह्यऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए। इसके बाद 10 मई को सैन्य टकराव रोकने पर सहमति बनीं। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को टीआरएफ को एक वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।

# डेंगू-मलेरिया से निपटने के लिए तैयार की गई पहली भारतीय वैक्सीन, जल्द होगी डील

**एजेसी**

नई दिल्लीः भारत में डेंगू-मलेरिया रोग के जल्दी खत्म होने की उम्मीद लगाई जा रही है। भारतीय वैज्ञानिकों ने मलेरिया रोग के खिलाफ टीका तैयार किया है। भारतीय वैज्ञानिकों की ओर से मलेरिया रोग के खिलाफ पहली स्वदेशी वैक्सीन तैयार की गई है। ये टीका न केवल संक्रमण को रोकेगा बल्कि उसके फैलने पर भी रोक लगाने में सक्षम है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने प्राइवेट कंपनियों के साथ इस वैक्सीन के प्रोडक्शन को लेकर डील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईसीएमआर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मलेरिया वैक्सीन की खोज पूरी हो गई है। इसे एडफाल्सीवैक्स नाम दिया गया है। बता दें कि यह स्वदेशी वैक्सीन आईसीएमआर और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र के रिसर्चर्स की ओर से मिलकर मिलकर तैयार की गई है। इसको लेकर आईसीएमआर के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर राजीव बहल ने बताया कि मौजूदा वक्त में मलेरिया के 2 टीके उपलब्ध हैं। इनकी कीमत लगभग 800 रुपये प्रति खुराक है, हालांकि यह 33-67 प्रतिशत तक असरदार है। मलेरिया के इस स्वदेशी टीके पर फिलहाल प्री क्लिनिकल वैलिडेशन हुआ है। इसे आईसीएमआर के नई दिल्ली स्थित नेशनल मलेरिया रिसर्च इंस्टीट्यूट और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी के साथ मिलकर पूरा किया गया है।



# सीआरपीएफ प्रतिनियुक्ति शुल्क माफ करने की मांग, सीएम ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर झारखंड राज्य में नक्सल विरोधी अभियान के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के एवज में केंद्र सरकार द्वारा दी गई 13,299.69 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि को पूर्णतः माफ करने का अनुरोध किया है।



मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उग्रवाद की समस्या को जड़ से समाप्त करना राज्य और केंद्र सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी है। कोविड-19 महामारी के बाद झारखंड राज्य आर्थिक पुनरुत्थान, आपदा प्रबंधन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जुटा हुआ है। राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए उक्त लंबित भुगतान एक गंभीर वित्तीय बोझ सिद्ध हो सकता है, जिससे राज्य की विकास योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि झारखंड राज्य गठन के समय से ही अति उग्रवाद से प्रभावित रहा है। राज्य सरकार द्वारा अपने सीमित संसाधनों एवं केंद्र द्वारा प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान संचालित किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। अब तक इस अभियान में 400 से अधिक पुलिस पदाधिकारी और कर्मी कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो चुके हैं जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री से सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत सीआरपीएफ की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क को पूर्णतः माफ करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया कि इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव न पड़े।

मुख्यमंत्री ने आशा जताई है कि केंद्रीय गृह मंत्री का सहयोगात्मक दृष्टिकोण झारखंड राज्य की जनता को अवश्य प्राप्त होगा और राज्य विकास की दिशा में अपने कदम मजबूत कर पाएगा।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



संवाददाता

चतरा : राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत दिनांक 18 जुलाई 2025 को नाजरथ विद्या निकेतन विद्यालय चतरा एवं इंदुमती तिवड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर, दिभा चतरा में छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों, जैसे कि ओरल कैंसर, फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियाँ, हृदय रोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि तंबाकू एक स्लो पॉइजन की तरह शरीर को अंदर से क्षतिग्रस्त करता है और इसके सेवन से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।इस अवसर पर ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया गया कि झारखंड राज्य में प्रति दिन लगभग 146 बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन प्रारंभ कर रहे हैं, जो कि अत्यंत चिंता का विषय है। युवाओं को इस घातक लत से रोकना समय की मांग है, क्योंकि यही युवा हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं।कार्यक्रम में सदर अस्पताल, चतरा में संचालित डेंटल ओपीडी स्थित तंबाकू मुक्ति केंद्र की जानकारी भी दी गई, जहाँ तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को निःशुल्क काउंसलिंग और औषधीय उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त कोटपा संशोधन अधिनियम, 2021 की जानकारी भी दी गई तथा स्कूल परिसर को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने हेतु सूचनात्मक साइनबोर्ड (साइनज) लगाए गए। छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई और राष्ट्रीय तंबाकू क्यूट हेल्पलाइन नंबर 1800-11-2356 के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि तंबाकू के सेवन से स्वयं भी बचें और अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। स्वस्थ युवा, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की नींव हैं।

## खेत जुताई करते समय पलटा ट्रैक्टर, नीचे दबने से किसान की मौत



**संवाददाता**

**चतरा:** हंटरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मीरपुर पंचायत के सोनवर्षा गांव में शुक्रवार को धान की रोपाई के लिए खेत की जुताई कर रहे किसान का ट्रैक्टर अचानक पलट गया। जिससे किसान ट्रैक्टर के नीचे दब गया। आनन-फानन में परिजन किसान को लेकर हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इन्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी जटून यादव का 32 वर्षीय पुत्र तिलक यादव धान की रोपाई करने के लिए ट्रैक्टर से खेत की जोताई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया। उसी के नीचे मृतक तिलक दब गया। हादसा देखकर पास के खेतों में काम कर रहे किसान घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। किसी तरह से ट्रैक्टर के नीचे दबे हुए किसान को बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजनों ने आनन फानन में घर से उसे हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर घायल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने इन्कार कर दिया और शव को घर लेकर चले गए। घटना के बाद मां-पिता और पत्नी का रो -रोकर बुरा हाल है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मीरपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सोनबर्षा गांव पहुंचे और इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया। वही अग्निसंस्कार में शामिल हुए। भाई देवराजित यादव ने बताया कि तिलक अपने ट्रैक्टर के जरिए खेतों में धान की रोपाई करने के लिए गांव में ही खेत में जोताई कर रहे थे। उसी समय अचानक ट्रैक्टर फस गया। फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने की कोशिश करते समय खेत में फंसा ट्रैक्टर अचानक पीछे के दो पहियों के बल खड़ा हो गया उसी बीच ट्रैक्टर की स्टेरिंग में दब जाने से मौके पर ही ट्रैक्टर चालक तिलक की मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक ने लगायी फांसी , मौत

**चतरा:** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के मलकपुर पंचायत सचिवालय में एक प्रज्ञा केंद्र संचालक ने शनिवार की शाम 4 बजे फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी 32 वर्षीय शैलेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। शैलेंद्र कुमार ने नोट में सीएससी विभाग के अधिकारियों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने लिखा कि विभाग के अधिकारी बिना पैसे दिए लगातार काम करवाते थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। घटना की पुष्टी इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने की है। कहा कि इस मामले में आत्महत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# जिलास्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन






### बालक वर्ग में लावालौंग और बालिका वर्ग में कान्हाचट्टी की टीम बनी विजेता

**संवाददाता**

**चतरा:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत संचालित समग्र शिक्षा अभियान और झारखंड शिक्षा परियोजना, चतरा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिलास्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप बालक/बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कीर्तिश्री ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को सामूहिक रूप से खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई गई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर किया गया।तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में पहुंचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी को मन लगाकर, अनुशासित ढंग से खेल खेलने की प्रेरणा दी। अपने संक्षिप्त संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार जिला स्तर पर लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है, जो कि नन्हें बच्चों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने की एक सराहनीय पहल है। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को इस मंच के माध्यम से राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 12 प्रखंडों से बालक एवं बालिका वर्ग की 12-12 टीमें भाग ले रही हैं, और जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीमें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर खेल भावना का परिचय दिया, जिसके पश्चात उपायुक्त एवं उपविकास आयुक्त ने फुटबॉल में किक मारकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। मौके पर पत्रकार बंधुओं से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के लिए जर्सी, जूतों की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे उचित सुविधा के साथ खेल सकें। सभी बच्चे खेल के दौरान जर्सी जूते पहनकर मैदान में उतरेंगे।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं, जिससे उनमें टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, तकनीकी पदाधिकारीगण एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन की सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, शिक्षकों और सहयोगी संस्थाओं का आभार प्रकट किया गया है।

बालक एवं बालिका वर्ग के रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बालक एवं बालिका वर्ग के बीच हुए कई रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुँचा दिया। विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने अनुशासन, तकनीक और जुझारूपन के साथ प्रदर्शन किया।

बालक वर्गः बचतरा ने प्रतापपुर को 1-0 से हराया। टंडवा ने मयूरहंड को 2-0 से पराजित किया। गिद्धौर ने सिमरिया पर 2-0 से जीत दर्ज की। हंटरगंज ने कान्हाचट्टी को 2-0 से हराया। लावालौंग ने चतरा को 2-0 से पराजित किया। टंडवा ने कुंदा को 2-0 से हराया। गिद्धौर ने इटखोरी को 3-0 से शिकस्त दी। हंटरगंज ने पत्थलगड़ा पर 2-0 से जीत दर्ज की। लावालौंग ने गिद्धौर को पराजित कर अगले दौर में स्थान सुनिश्चित किया।

बालिका वर्गः चतरा ने टंडवा को 1-0 से हराया। मयूरहंड ने प्रतापपुर को 2-0 से पराजित किया। हंटरगंज ने पत्थलगड़ा को शानदार 4-0 से हराया। लावालौंग ने कुंदा पर 1-0 से जीत दर्ज की। चतरा ने सिमरिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित किया। इटखोरी ने मयूरहंड को 2-0 से हराया। कान्हाचट्टी ने हंटरगंज को कड़े मुकाबले में 1-0 से मात दी। लावालौंग ने गिद्धौर को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग में लावालौंग की टीम और बालिका वर्ग में कान्हाचट्टी की टीम फाइनल में विजेता बनी।पूरे दिन खेल के मैदान में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और उमंग का माहौल रहा। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों और अभिभावकों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता को और अधिक प्रेरणादायक बनाया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बाबूलाल का सरकार पर तंज
### 'जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था, मरीजों को एम्बुलेंस नहीं, टेंपो से भेजा रहा'



**रांची:** बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य की हालत ऐसी हो गई है कि सड़क हादसे में घायल मरीज को एम्बुलेंस की जगह टेंपो से अस्पताल भेजा जा रहा है, और स्वास्थ्य मंत्री इसे उपलब्धि मानकर पीठ थपथपा रहे हैं। मरांडी ने कहा कि जो मंत्री खुद अपनी पीठ थपथपाते फिर रहे हैं, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की हालत बद से बदतर कर दी है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि गरीबों और जरूरतमंदों को सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिल पा रही। इससे अधिक शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है?

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि यह केवल विज्ञापनों के जरिए अपनी छवि चमकाने में लगी है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि एयर एम्बुलेंस का ढोल पीटने वाली सरकार में हालत यह है कि मंत्री और मुख्यमंत्री तक अपने या परिजनों का इलाज सरकारी अस्पतालों में करवाने का साहस नहीं कर पाते।

### ओझा-गुनी के चक्कर में धारदार हथियार से एक व्यक्ति की हत्या



**चतरा:** आधुनिक विज्ञान और डिजिटल युग में भी अंधविश्वास किस कदर लोगों पर हावी है, इसका एक और भयावह उदाहरण चतरा जिले से सामने आया है। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के टंडवा पंचायत अंतर्गत बरवाकोचवा गांव में अंधविश्वास के चलते कैल भारती नामक व्यक्ति की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। यह दिल दहला देने वाली घटना शुक्रवार रात की है। सूत्रों के अनुसार, इस जघन्य वारदात के पीछे ओझा-गुनी जैसी कुप्रथा को मुख्य वजह बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि कैल भारती को किसी तांत्रिक कर्मकांड या 'टोनही' के नाम पर बलि चढ़ाया गया है। यह घटना समाज में व्याप्त अंधविश्वास की गहरी जड़ों और उसके घातक परिणामों को एक बार फिर उजागर करती है। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ तत्काल बरवाकोचवा गांव के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है ताकि इस अमानवीय कृत्य के पीछे के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके और उन्हें कानून के कटघरे में खड़ा किया जा सके।

### सब्जी लेने गए युवक के थैले से पच्चास हजार रुपये हुए गायब



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बीच बाजार से सब्जी खरीदना एक युवक को महंगा पड़ गया। अपने थैले को नीचे रख सब्जी खरीदने के दौरान 50 हजार रुपए नगदी, पैनकार्ड ,फोटो कॉपी सहित बैंक ऑफ इंडिया के पासबुक से भरा थैला, पीला रंग प्लास्टिक से सारा सामान चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अत्यंत भीड़भाड़ वाले सब्जी बाजार में पलक झपकते 50 हजार हुई चोरी के इस वारदात के बाद लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई। भीड़ में तरह तरह के चर्चा करना शुरू हो गई। इसके बाद पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

क्या है मामलाः भुक्तभोगी एकतारा निवासी शंभू कुमार ने बताया कि शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा हंटरगंज से पैसा निकालकर पेट्रोल पंप गए और उसके बाद सीधे सब्जी लेने बीच बाजार में पहुंचे। सब्जी लेने के पहले तक देखा तो थैला में पैसा था।इसके बाद जब मैं सब्जी लिया उसके बाद सब्जी वाले को पैसा देने के लिए थैला की ओर जैसे ही देखा तो पीला प्लास्टिक में पासबुक, सहित 50000 रुपया गायब पाया । इसके बाद काफी खोजबीन की लेकिन कही कुछ पता नहीं चला।थक हार कर थाना पहुंचा और थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर खोजबीन की गुहार लगाई हैं।हालांकि पुलिस हर एक पहलू पर जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### अपने स्थापना काल से ही बदहाली का दंश झेल रहा है बाल कल्याण समिति का चतरा कार्यालय

**चतरा :** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) का चतरा कार्यालय अपने स्थापना काल से ही बदहाली का दंश झेल रहा है। इस भवन में बुनियादी सुविधाओं का न सिर्फ घोर अभाव है बल्कि अपने जर्जर स्थिति को समेटे हुए है। कोढ़ में खाज की युक्ति को चरितार्थ करता इस भवन को समाज कल्याण विभाग द्वारा फिलहाल कबाड़ वस्तु रखने का स्थान बना दिया गया है। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि बाल कल्याण समिति में संसाधनों का घोर आभाव का सामना यहां कार्य करने वाले लोगों को झेलना पड़ रहा है। और तो और पीने तक का पानी भी यहां उपलब्ध नहीं है। दीगर पहलू तो यह भी है कि इस विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर तो दे दिया गया है परंतु आजतक ना तो कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है और नहीं प्रिंटर ही। कार्यालय का सारा कार्य पैसा देकर बाहर से कराना पड़ता है। उसी प्रकार कागज, कलम तथा रजिस्टर भी विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है और ना ही पर्याप्त मात्रा में कुर्सी ही यहां उपलब्ध है। वर्ष 2010 से चतरा जिले में बाल कल्याण समिति कार्यरत है तथा प्रत्येक तीन वर्ष पर इसका पुनर्गठन होता है।यह समिति महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत कार्य करती है जिस पर 18 वर्ष तक के बच्चों को देख रेख एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों के लिए कार्य करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है किंतु सीडब्ल्यूसी का कार्यालय परिसर में गंदगी का अंबार कभी भी देखा जा सकता है। इसके कैंपस में जंगली पेड़ पौधों तथा घास ने जबरन अपना कब्जा जमा लिया है।

### सेंट जेवियर स्कूल डोरंडा में चिंगारी जगाएं, चैंपियन बनें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# सभी छात्र विशिष्ट होते हैं हमें उनकी प्रतिभा को पहचानना चाहिए: उपायुक्त

## उपायुक्त ने छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

मेट्रो रेज

**रांची:** सेंट जेवियर स्कूल डोरंडा रांची (जूनियर सेक्शन) चिंगारी जगाएं, चैंपियन बनें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डीआईजी, एससीआरबी, रांची श्र वाईएस रमेश विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं एसएआर रांची, मनीषा तिर्की, फादर अजीत कुमार खेसएसजे, आशीष बुधिया डॉक्स प्रेसिडेंट, सीए फ्रांसिस प्राचार्य संत एंथनी स्कूल डोरंडा अन्य अतिथिगण एवं विद्यालय के प्राचार्य फा. फुलदेव सोरेंग, सुपीरियर फा। सुधीर कुमार कुजूर, दीप पारंपरिक दीप प्रज्वलित में शामिल रहें।



स्कूल के प्राचार्य फादर फुलदेव सोरेंग ने अपने स्वागत भाषण द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया

साथ ही विजेता छात्रों को आगे भी निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय एवं अभिभावकों को साथ मिलकर छात्रों के विकास के लिए सहयोग करने पर बल दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अपने अभिभाषण में छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी छात्र विशिष्ट होते हैं हमें उनकी प्रतिभा को पहचानना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए मोबाइल के सदुपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें इसका उपयोग बुद्धिमता से करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों की संगति पर ध्यान देना चाहिए। ताकि वे देश के एक अच्छे नागरिक बन सकें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गयाः उपायुक्त ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में कक्षा केजी से पाँचवी तक के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को अनुशासन, परिश्रम, नेतृत्व, करूणा आदि मानवीय गुणों के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल के पूववर्ती छात्रसंघ डॉक्स ने विजेता छात्रों के लिए पुस्तकें प्रायोजित की। उपप्राचार्य फा। कुलदीप लिण्डा एसजे ने सभी अतिथियों एवं समारोह को सफल बनाने के लिए जूनियर सेक्शन के कॉर्डिनेटर उषा मैथ्यू एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह का समापन विद्यालय गीत के साथ हुआ।

## मां - पिता और छोटे भाई के हत्यारे की फांसी की सजा को हाईकोर्ट ने उम्र कैद में बदला

**रांची:** अपने मां, पिता और छोटे भाई की निर्मम हत्या करने मामले में सजायाफ्ता नितेश साहू की फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने नितेश साहु को निचली अदालत द्वारा सुनाए गये फांसी की सजा के आदेश में संशोधन करते हुए उम्र कैद में बदलते हुए उसके अपील को खारिज कर दिया है। हाईकार्ट ने इस घटना को रेयरेस्ट ऑफ रेयर नहीं माना है। सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता बीएम त्रीपाटी व अधिवक्ता नवीन कुमार जायसवाल ने पक्ष रखा। बता दें कि रांची सिविल कोर्ट ने 13 जुलाई 2018 को नितेश साहु को तीन लोगों की हत्या मामले में फांसी की सजा सुनायी थी। रेयरेस्ट ऑफ रेयर मानते हुए उसे फांसी की सजा सुनायी थी। मामूली विवाद में हुई थी हत्या

निर्मम हत्या की यह घटना 12 जुलाई 2014 की रात की है। मामूली विवाद में इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया था। 12 जुलाई को नितेश साहु दूध भात खा रहाथा। इस दौरान उसके 43 वर्षीय पिता शिवनंदन साहु वहा आए और खाने की थाली छीनकर उसकी पिटायी कर दीं। इसके बाद पूरा परिवार सोने चला गया। नितेश रात में उठा और टांगी से अपने पिता की हत्या कर दी। तभी उसकी सौतेली मां कुंती देवी वहां आयी और विरोध की तो नितेश ने उसकी भी हत्या कर दी। फिर अपने छोटे भाई रघु की भी उसने हत्या कर दी। उसके बाद अपनी बहन निक्की की भी हत्या का प्रयास किया था लेकिन वह जान बचाने में सफल रही और भाग गयी। दूसरे दिन रातु थाना में प्राथमिकी की गयी और नितेश को गिरफ्तार कर लिया गया। निक्की ही इस घटना की चश्मदीद गवाह थी। नितेश ने अपने बयान में कहा था कि उसकी मां की मौत के बाद पिता ने दूसरी शादी की थी। सौतेली मां का उसके प्रति व्यवहार अच्छा नहीं था। परिवार में सिर्फ उसकी बह नही उसका पक्ष लेती थी इस लिए ही उसे छोड़ दिया था।

## खादगढ़ टीओपी पदस्थापित पदाधिकारी भीम सिंह की सूझबूझ से मिला यात्री का गुम हुआ 80 हजार रुपया,




संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के कांटा टोली खादगढ़ बस स्टेशन में एक यात्री की बैग गुम हो गई थी। जिसमें जरूरी दस्तावेज के साथ साथ लगभग 80 हजार रुपये थे। पीड़ित व्यक्ति ने खादगढ़ा टीओपी पहुंच कर मामले की जानकारी दी। खादगढ़ा टीओपी पदस्थापित भीम सिंह ने सूझ बूझ के साथ ईमानदारी का परिचय दिखाते हुए व्यक्ति का बैग खोज निकला। साथ ही बैग में मौजूद पूरे पैसे भी मिल गए। इस दौरान पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

## बॉयलर फटा, धमाके की आवाज से मची अफरा-तफरी



हजारीबाग : बरही के रियाडा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधा गोपाल इंडस्ट्री में शनिवार सुबह करीब 6 बजे जोरदार बॉयलर विस्फोट हुआ। धमाके की आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही बरही विधायक मनोज यादव, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और एसडीओ जोहान टुडू मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने फैक्ट्री पर बार-बार विस्फोट और प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले भी राधा गोपाल इंडस्ट्री में कई बार ऐसे विस्फोट हो चुके हैं, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ था। फिलहाल प्रशासन ने किसी अनहोनी से इनकार किया है, लेकिन जांच जारी है।

## श्रेष्ठ ज्वेलर्स में चोरी



रांचीः पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी स्थित श्रेष्ठ ज्वेलर्स मे बीते रात कुछ अज्ञात अपराधिओं ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके पूर्व अपराधियों ने दुकान का शटर काट दिया। दुकान में रखे कुछ नकद और लाखों के जेवरात अपने साथ ले गए। अपराधियों ने आयरन चेश को भी काटने का प्रयास किया। चोरी के बावत पुंदाग ओपी मे प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पुलिस मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की धानरोपनी

रांचीः झारखंड में इस समय धान रोपनी का समय है। इस मौसम में खेतों में बड़े पैमाने पर धान की रोपाई की जा रही है। राज्य में हर तरफ पानी से लबालब खेतों में पुरुष और महिलाओं के समूह धान रोपते नजर आ रहे हैं, वहीं राज्य के नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही धान की रोपाई भी आकर्षण का केंद्र है। दो दिन पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने गृह जिले में धान रोपा था। वहीं आज राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की खुद धान रोपने खेत में उतरीं।

## दहेज की बलि चढ़ी युवती , 2 साल पहले हुई थी शादी

**धनबाद :** जिले में एक और युवती दहेज की बलि चढ़ गई। यहां आठ माह की प्रेग्नेंट महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जिले के सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनूडीह बस्ती का है। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि ससुरालवालों ने उनकी बेटी को मार डाला। मृतका के भाई ने सुदामडीह थाना में पति, सास व देवर पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के भाई का कहना है कि बहन की शादी 11 जून 2023 को हिन्दू रीति-रिवाज से की थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार सामान दिया गया था। कुछ महीने तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद ससुराल वाले उनकी बहन से 5 लाख रुपये नकद व 1 बुलेट बाइक की मांग करने लगे। इसके लिए उसके साथ मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देने लगे। मृतका के भाई ने आगे बताया कि 14 जुलाई को बहन ने फोन कर बताया कि यदि मांग पूरी न की गई तो ससुराल वाले जिंदा नहीं छोड़ेंगे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–महिमा होरो,
उम्र करीब–14 वर्ष,
रंग–गोरा,
ऊँचाई–04 फीट 08 ईंच,
पहनावा–काला–सफेद रंग का हाफ फॉक पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की महिमा होरो, पिता–आशिश होरो, ग्राम–शांति नगर गढा टोली, थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–26.06.2025 को अपने घर बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना काण्ड संख्या–313/2025, दिनांक–28.06.2025, धारा–137(2)/140(3) बी0एन0एस0 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। –9431102090
थाना प्रभारी सदर, रॉंची। –9431706160

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 357648 (Police)25-26*D


## बैठक कर ऑटो चालक मालिकों ने निर्धारित किया भाड़ा

संवाददाता

रांचीः नामकुम रामपुर मार्ग से कांटा टोली तक चलने वाले ऑटो चालक मालिकों की बैठक आज नामकुम बाजार के सरना मैदान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने की। बैठक कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महान




संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। आज की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं ऑटो चालक मालिकों की उपस्थिति में रामपुर नामकुम मार्ग से कांटा टोली चौक तक चलने वाले ऑटो चालक मालिकों ने यात्री हित को देखते हुए अपने रूट का भाड़ा निर्धारित किया।

**निर्धारित किया गया भाड़ा**

1. नामकुम से कांटा टोली - 15/-
2। नामकुम से लवाड़ी - 10 /-
3। नामकुम से कचहरी -30/-
4। नामकुम से ओवरब्रिज - 5/-
5 ।नामकुम से डांगरा टोली-15/-
6। नामकुम से सिद्रोल बरगवां -5/-
7। नामकुम से रामपुर -10/-
9 ।भौजी होटल -20/-
10। कांटा टोली से सदाबहार नामकुम-15/-
11। कांटा टोली से बरगवां सिंगरौल रिंग रोड -20/-
12। ओवर ब्रिज नामकुम बाजार -5/-
14। ओवर ब्रिज से बडगामा सिद्रोल -10/-
15। ओवर ब्रिज से हरिया गोदाम रामपुर -20/-
16। कचहरी से लवादी -20/-
17। कचहरी से नामकुम सदाबहार -25/-
18। कचहरी से बरगवां सिद्रोल रिंग रोड -30 /-

### पठान तंजीम के सदस्य पंचायतों का बढ़ा दायरा, सभी 31 एक्जीक्यूटिव सदस्य हुए सम्मानित

# तंजीम का पूरे जिले में होगा विस्तार : अयूब

संवाददाता

रांचीः पठान तंजीम की एक्टिव सदस्यों की विस्तारित बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में सभी मनोनीत सदस्यों को सम्मानित किया गया। मालूम हो की पंचायत कमेटियों के कार्य क्षेत्र का विस्तार करते हुए 31 एक्जीक्यूटिव सदस्य नामांकित किये गए। उन सभी सदस्यों को फूल, माला, साफा और पठान तंजीम का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पठान तंजीम के अध्यक्ष अय्यूब राजा खान ने किया और संचालन हाजी फिरोज जिलानी ने किया। पठान तंजीम के अध्यक्ष अय्यूब राजा खान ने कहा कि पठान तंजीम ने 31 कार्यकारी सदस्य बनाए हैं जो अपने क्षेत्र के पंचायत और तंजीमों का प्रतिनिधित्व करते हैं! यह पठान तंजीम के कामकाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में



संचालित पंचायतों का प्रतिनिधित्व करने वाले पदधारियों को नामित किया गया है ताकि आपसी तालमेल से बेदारी और सामाजिक कार्य संपन्न हो सके। मौके पर पठान तंजीम के संरक्षक अशरफ खान चुन्नू व हाजी गुलाम रब्बानी, के अलावा अध्यक्ष अय्यूब राजा खान, उपाध्यक्ष मो वसीम खान, महासचिव मो सज्जाद खान, सचिव रिजवान खान, कोषाध्यक्ष तौसीफ अहमद खान ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया। 31 एक्जीक्युटिव सदस्य जिनको पठान तंजीम ने सम्मानित किया। उनमें शाहिद अख्तर हिंदपीढ़ी, शमशु खान पहाड़ी टोला, अजहर खान कांके, चांद खान हिंदपीढ़ी, गुफरान खान, अब्दुल हलीम खान, मंसूर खान आजाद बस्ती, तौकीर आलम पथलकुदवा, हाजी फिरोज जिलानी हिंदपीढ़ी, नदीम खान पुंदाग, संजर आलम कांके, आरिफ खान हिंदपीढ़ी, अकील खान आजाद बस्ती, परवेज खान हटिया, इसरार खान कडरू, शकील खान पत्थलकुदवा, आसिफ नसीम खान बरियातू, आसिफ खान पंडरा, अशरफ खान मीडिया, मेराज खान डोरंडा, तबरेज खान डोरंडा, इकबाल खान गुदरी चौक, नसीम खान पिठौरिया, शोएब खान हिंदपीढ़ी, इरफान खान, सईद खान कांटा टोली, सादिक खान, अफजल खान पुंदाग, शादाब खान मीडिया कांटा टोली, शफीक खान हिंदपीढ़ी, सगीर खान कांटा टोली का नाम शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अय्यूब राजा खान, शहजाद बबलू, मो वसीम, तौसीफ खान, पत्रकार हाजी फिरोज जिलानी, शाहिद अख्तर टुकलू, पत्रकार आदिल रशीद व अन्य थे।

## जनता को फिर झूठे आश्वासन देकर चले गये प्रधानमंत्री: मनोज पाण्डेय

रांचीः प्रधानमंत्री आज फिर बिहार के मोतिहारी जिला में बिहार की जनता को एक बार फिर झूठे आश्वासनों का पिटारा थमा कर चले गए। प्रदेश राजद के महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में मोतीहारी की जनता से वादा किया था कि अगली बार यहाँ के चीनी मिल का चाय पी कर जाऊंगा, लेकिन चीनी मिल खुला ही नहीं, एक बार फिर जनता को चुनावी झूठे वादे मोतीहारी को मुंबई बनाने वाली बात बिहार की जनता को गले से नहीं उतर रही है।



पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार में भ्रष्टाचार और रोज हो रही हत्याओं पर एक शब्द भी बोला। बिहार की जनता समझ रही है कि मोदी के दिल और दिमाग में क्या है ।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

महाबुआँग थाना यु0डी0 काण्ड सं0–02/2025, दिनांक– 14.07.2025 अज्ञात पुरूष शव के विरुद्ध दर्ज किया गया है, महाबुआँग थानान्तर्गत कुरकुरा एवं महाबुआँग ज्वाईन्ट लाईन–01 रेलवे ट्रैक के बीच में एक अज्ञात पुरूष व्यक्ति उम्र–करीब 45 वर्ष का ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई है। उस अज्ञात शव के परिजनों के बारे में कहीं पता नहीं चला है ।

अज्ञात शव का हुलिया एवं फोटो का विवरणी निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| लिंग :– | पुरूष |
| आयु :– | करीब 45 वर्ष |
| ऊँचाई :– | करीब 5 फीट 6 ईंच |
| शरीर :– | सामान्य |
| बाल :– | साँवला। |
| पहनावा– | लाल रंग का टी0शर्ट एवं काला रंग का ट्रउजनर। |



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति का शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0– 9431116444 |
| पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा | – | मोबाइल नं0– 9431706227 |
| थाना प्रभारी, महाबुआँग | – | मोबाइल नं0– 9608015587 |
| पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0– 9262998631 |
| मानव तस्करी संबंधी टोल फी नं0 | – | मोबाइल नं0– 1800–3456–256 |

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा

PR 357686 Simdega (25-26)_D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## खून खराबे का खेल

एक बार फिर पंजाब देश-विदेश से संचालित आपराधिक गैंगों और आतंकवादियों के निशाने पर आ गया है। संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा आम-खास लोगों को शिकार बनाये जाने की घटनाएं जब-तब सामने आती रहती हैं। हाल ही में एक पृथकतावादी संगठन के सक्रिय आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया का अमेरिका से प्रत्यर्पण इस बात की याद दिलाता है कि राज्य में चरमपंथी विचारधारा का साया कितना गहरा बना हुआ है। आरोप है कि करीब चौदह ग्रेनेड हमलों को अभियुक्त ने अंजाम दिया। पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करने वाले अभियुक्त पासिया की भारत वापसी निस्संदेह आगे की जांच में मददगार साबित होगी। इससे भारत विरोधी गतिविधियों में पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों के काले अध्याय फिर सामने आने की भी उम्मीद जगी है। इस प्रकरण के उजागर होने से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि कैसे पंजाब को भारत विरोधी ताकतों द्वारा विदेशों से निशाना बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य में गैंगस्टरों द्वारा की जा रही हिंसा में खतरनाक ढंग से वृद्धि देखी जा रही है। अबोहर के व्यवसायी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हुई हत्या और मोगा में अभिनेत्री तानिया के डॉक्टर पिता की उनके क्लीनिक में गोली मारकर की गई निर्मम हत्या ने इस बात को उजागर किया कि संगठित आपराधिक नेटवर्क कितनी आसानी से काम कर रहे हैं। हमलावरों द्वारा सार्वजनिक रूप से मरीज बनकर डाक्टर को गोली का निशाना बनाना आपराधिक दुस्साहस को ही उजागर करता है। जो बताता है कि अपराधियों में कानून व पुलिस का खौफ नजर नहीं आता। यह समाज वैज्ञानिकों के लिये भी गंभीर मंथन का विषय है कि राज्य का समाज इस गहरी अस्वस्थता का शिकार क्यों है। निश्चित रूप से समाज में आर्थिक विसंगतियां और सामाजिक विद्रूपताएं अपराध की राह खोल रही हैं। वहीं दूसरी ओर, राज्य में शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत, अशांत बचपन, गरीबी, विषैली राजनीति और रातों-रात अमीर बनने की लालसा कई पंजाबी युवाओं को अपराध की अंधी गली की ओर धकेल रही है। ऐसा भी नहीं है कि बेरोजगारी व अन्य सामाजिक विसंगतियां देश के अन्य राज्यों में नहीं हैं। नशा एक राष्ट्रीय संकट बनता जा रहा है। सवाल ये कि हमारा शासन-प्रशासन इन अपराधों से किस तरह निबटता है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा में गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। निस्संदेह, अपराध का रास्ता कई युवाओं को आकर्षित करता है, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इस राह से गुजरने के बाद मुख्यधारा में लौटना असंभव है। अपराधी फिर कभी सामान्य जीवन नहीं जी सकता। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन को राज्य में उन सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की सख्त जरूरत है, जो अपराध को बढ़ावा देते हैं। उन विभागीय काली भेड़ों की भी सख्त निगरानी की जरूरत है जो अपराधियों के अपवित्र गठबंधन में मददगार होती हैं। हालांकि, पंजाब पुलिस ने कुछ गिरफ्तारियां और मुठभेड़ें की हैं, लेकिन ये महज एक प्रतिक्रियात्मक कदम मात्र है। इस बड़े संकट से निपटने के लिये एक निरंतर, व्यवस्थित व कारगर रणनीति बनाने की जरूरत है। वहीं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत बनाने की दरकार है। इसके साथ ही शिक्षा प्रयासों का विस्तार करने, पुनर्वास और न्यायिक प्रक्रियाओं को भी तेज करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त केंद्र की एनआईए जैसी एजेंसियों के साथ तालमेल से राज्य की एजेंसियों को अपराधियों पर शिकंजा कसने में मदद भी मिल सकती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पंजाब में अपराधियों व आतंकवादियों का गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रह गया है। यह न केवल अंतर्राष्ट्रीय रूप ले चुका है, बल्कि आधुनिक तकनीक व हथियारों की मदद से मारक साबित हो रहा है। इससे बड़ा संकट यह भी है कि ये अपराध वैचारिक रूप से अस्थिर भी हैं। निस्संदेह,यह एक बड़ी चुनौती है और इससे निबटने में जितनी देरी होगी, पंजाब में स्थितियां सामान्य बनाने में उतनी मुश्किल होती जाएगी। अपराधियों से निपटने के लिये मजबूत खुफिया तंत्र और जनसहयोग कारगर सिद्ध हो सकता है।

## भविष्य के हथियार

ऑपरेशन सिंदूर सही मायनों में भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता का एक अद्भुत प्रदर्शन था। निस्संदेह, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को न केवल कड़ा जवाब दिया बल्कि नये दौर के युद्ध कौशल का सफल परीक्षण भी किया। लेकिन हम सिर्फ इससे आत्मसंतुष्ट होकर नहीं बैठ सकते। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, न कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन तकनीक के लगातार विकसित होते रहने से यह एक ऐसा घातक हथियार बन चुका है, जो दुश्मन देश के प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को तुरंत पहचानकर उन पर हमला कर सकता है। वास्तव में, भारत ऑपरेशन सिंदूर के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए अधिकांश ड्रोनों को मुख्य रूप से अपनी मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के बूते ही बेअसर करने में सक्षम रहा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य के किसी युद्ध में पाकिस्तान के करीबी सहयोगी उसे बेहतर यूएवी की आपूर्ति करेंगे ताकि पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। इस खतरे के प्रति सतर्क रहते हुए भारत के लिये जरूरी हो जाता है कि हम यूएवी और मानवरहित स्वदेशी प्रणालियों के विकास पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि ये भारतीय परिस्थितियों और जरूरतों के भी अनुकूल हों। तभी हम आसन्न चुनौतियों का मुकाबला बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम हो सकेंगे।

इसमें दो राय नहीं कि हाल ही के दिनों में यूरोप और एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन व मानवरहित विमानों ने निर्णायक भूमिका निभायी है। इस दिशा में भारत पूर्वी यूरोप में ड्रोन-प्रधान संघर्ष से सबक ले सकता है। जहां यूक्रेन ने सैन्य शक्ति, तोपखाने और टैंकों के मामले में रूस की बढ़त का मुकाबला करने लिये यूएवी का भरपूर इस्तेमाल किया है। यही वजह है कि यूक्रेन की इस रणनीति ने रूस को अपना ध्यान यूएवी तकनीक पर केंद्रित करने के लिये बाध्य किया है। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिये किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिये तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिये यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा। ऐसे में परंपरागत युद्ध कौशल से आगे जाकर हमें नई चुनौतियों का मुकाबला करना है।

# दादी-नानी की लोरियों से दूर होता बचपन

इन कहानियों और लोरियों के सकारात्मक संदेश सुनकर पली-बढ़ी पीढ़ी आज का मौजूदा परिदृश्य देखकर हैरान है। अब के बच्चे इस सामाजिक दायरे से कट चुके हैं। वैश्विक अध्ययनों से यह साफ हो गया है कि इसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। 1996 से 2010 की पीढ़ी इस तथ्य को अभी समझ नहीं पा रही है पर इन अध्ययनों ने साफ कर दिया है कि हालात यही रहे तो आने वाली पीढ़ी से संवेदनशीलता और अच्छे-बुरे की बात करने का कोई मायने नहीं रख जाएगा। दरअसल आज के बच्चों की दुनिया में मोबाइल फोन गहरे तक घर कर चुका है।

बचपन हर गम से बेगाना होता है...। यह 1975 की फिल्म 'गीत गाता चल' का किशोर कुमार का गया गीत है। इस दौर के गीत को हम सबने कभी न कभी जरूर सुना होगा। और कभी न कभी दादी के घर से मामा के घर जाने पर वहां भी नानी से लोरियां और कहानियां सुनी होंगी। अब दादी-नानी की कहानियां बीते जमाने की बात हो गई हैं। इन कहानियों और लोरियों के सकारात्मक संदेश सुनकर पली-बढ़ी पीढ़ी आज का मौजूदा परिदृश्य देखकर हैरान है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



अब के बच्चे इस सामाजिक दायरे से कट चुके हैं। वैश्विक अध्ययनों से यह साफ हो गया है कि इसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। 1996 से 2010 की पीढ़ी इस तथ्य को अभी समझ नहीं पा रही है पर इन अध्ययनों ने साफ कर दिया है कि हालात यही रहे तो आने वाली पीढ़ी से संवेदनशीलता और अच्छे-बुरे की बात करने का कोई मायने नहीं रख जाएगा। दरअसल आज के बच्चों की दुनिया में मोबाइल फोन गहरे तक घर कर चुका है। टीवी स्क्रीन पर खुराफाती, हिंसात्मक, नकारात्मक और दुश्चक्र रचते धारावाहिक उनके दिल और दिमाग को मथ रहे हैं। इसका नतीजा है कि बच्चों में हिंसा, बदले की भावना और ईर्ष्या की भावना पनप रही है। उन्हें बंद कमरों में अकेला रहना रास आने लगा है। मोबाइल में आत्मघाती गेम्स खेलना शगल बन चुका है। इस परिदृश्य से कभी-कभी रिश्ते भी तार-तार होने लगे हैं। अपने में सिमटती इस पीढ़ी से देश और समाज को सकारात्मकता दे पाने की उम्मीद बेमानी लगने लगी है। दरअसल दादी-नानी की कहानियां भले ही कपोल कल्पित होती थीं पर वह कोमल मन को सकारात्मक संदेश देती थीं। बच्चों में पढ़ने-पढ़ाने की आदत डाली जाती थी। पुस्तकालय में जाकर बच्चे ज्ञान अर्जित करते थे। आज पुस्तकालय का अर्थ किराये के स्थान पर बना केबिननुमा दड़बा हो गया है। किताबें भी ऐसी होती हैं कि वह रास नहीं आतीं। एक जमाने में ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें, समाचार पत्र-पत्रिकाएं आदि होते थे। अब पढ़ने-पढ़ाने की आदत ही समाप्त होती जा रही है। एक समय था जब वार्षिक परीक्षाओं के बाद बारी-बारी से दादी-नानी के घर घमाचौकड़ी होती थी। मजे की बात यह कि सभी मिजाज के हम-उम्र बच्चे होने से आपसी तालमेल की शिक्षा भी मिल जाती थी। फिर रात को दादी-नानी के साथ सोने और सोने से पहले कहानियां सुनने का सिलसिला चलता था। चंदा मामा, चंपक सहित बहुत सी बच्चों की पत्रिकाएं घर में होना और बच्चों के पास होना गौरव की बात माना जाता था। खैर यह बीते जमाने की बात हो गई है। अब तो गूगल गुरु ने लगभग सभी को इससे दूर कर दिया है। डिजिटल युग के इस दौर में सोशल मीडिया के माध्यम समूचे समाज को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। शहरीकरण के साथ ही संयुक्त परिवार का स्थान एकल परिवार ने ले लिया है। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में ही जुटा देने और होमवर्क और ट्यूशन कल्चर ने पढ़ाई की दशा और दिशा को ही बदल दिया है। कोरोना के बाद तो बच्चे पढ़ने के लिए मोबाइल के दास हो गए। अब तो स्कूलों में भी सभी संदेश मोबाइल पर ही देने का चलन चल गया है और इससे स्कूल की डायरी का भी कोई महत्व नहीं रह गया है।

ऐसे में मोबाइल ही सबका माध्यम बन गया है। एक समय था जब बच्चों को कोर्स में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकों के इतर मानसिक और चारित्रिक विकास वाले साहित्य को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता था। आज पंचतंत्र, हितोपदेश की कहानियां यह पीढ़ी नहीं जानती। सोशल मीडिया, आभासी दुनिया, एकल और प्रतिस्पर्धात्मक पारिवारिक स्थिति ने बालपन से उनका बचपन छीन लिया है। अवकाश के दिनों में दादा-दादी या नाना नानी के घर जाने का रिवाज बंद हो गया। अब लोग उन्हें पिकनिक या पर्यटन स्थल पर ले जाते हैं। इसलिए सोच में बदलाव की आवश्यकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# इंदौर का स्वच्छता मॉडल जीवनशैली में बदलाव का अभियान

इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्य प्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है।

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार

**हर्षवर्धन पाण्डेय**

प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्य प्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की उज्जैन नगरी को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ शहर बन कर उभरा है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्य प्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की प्रेरणा और जनभागीदारी इस सफलता का आधार रहा। इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरुकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है।एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है।नगर निगम ने स्वच्छता के लिए कई नवाचार किए हैं। प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने के लिए उसने अनेक वाहन तैनात किए जिसने गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाया।

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंदौर ने लगातार आठ वर्षों (2017-2024) तक स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया है जो अपने आप में मध्य प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल न केवल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन ने प्रतिदिन स्वच्छता को प्राथमिकता देने का काम किया है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएं बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया, जिससे इंदौर की जनता ने स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया। इंदौर ने न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि यह अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छता लीग में शीर्ष स्थान और लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतना इंदौर की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। यह शहर न केवल स्वच्छता, बल्कि नागरिकों की जागरूकता और प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक बन चुका है। देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में भोपाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श प्रस्तुत किया है। विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए गए हैं। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दशार्ता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

# सावन कालाष्टमी व्रत से नकारात्मकता होती है दूर

सावन कालाष्टमी व्रत है, सावन मास शिव जी का सबसे प्रिय महीना है, जो भक्त और भगवान के बीच आध्यात्मिक सम्बन्धों को सशक्त करता है। सावन मास में इस व्रत विशेष महत्व है तो आइए हम आपको सावन कालाष्टमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। जानें सावन कालाष्टमी के बारे में सावन कालाष्टमी पर भगवान काल भैरव की पूजा की जाती है। कालाष्टमी, हर महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है, और शास्त्रों में इस महीने की कालाष्टमी को तंत्र साधनाओं और विशेष अनुष्ठानों के लिए फलदायी माना गया है। राहु दोषों से राहत के लिए यह दिन इसलिए भी शुभ है, क्योंकि राहु भगवान शिव के परम भक्त हैं और कालाष्टमी को भैरव की आराधना का दिन माना गया है। इस साल सावन मास की कालाष्टमी 17 जुलाई, 2025 को मनायी जा रही है। इसलिए, उत्तराखंड के राहु पैठाणी और मध्य प्रदेश के काल भैरव मंदिर में संयुक्त रूप से आयोजित होने जा रहा राहु-भैरव दोष भंजन अनुष्ठान भक्तों को मुश्किलों से निकालकर एक नई दिशा दिखा सकता है। प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर काल भैरव देव की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता पाने के लिए व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साधक श्रद्धा भाव से कालाष्टमी के दिन काल भैरव देव की पूजा करते हैं। भगवान शिव के रूप भैरव की आराधना से इंसान के जीवन में ग्रह दोष और नकारात्मकता का नाश शुरू हो जाता है। सावन के पवित्र महीने में शिव जी की ऊर्जा और भैरव देव का आशीर्वाद, इंसान को झंझटों से निकालकर खुशहाली की तरफ ले जाने की दिशा दिखाता है। सावन कालाष्टमी व्रत के दिन ऐसे करें पूजा, मिलेगा लाभ पंडितों के अनुसार सावन माह के कालाष्टमी व्रत के दिन ब्रह्म बेला में उठें। इस समय भगवान शिव को प्रणाम कर दिन की शुरूआत करें। इसके बाद दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अब आचमन कर पीले या सफेद रंग के कपड़े पहनें और सूर्य देव को जल अर्पित करें। तदोपरांत, पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। पूजा कक्ष को साफ करें और वेदी पर काल भैरव की प्रतिमा स्थापित करें। पंचामृत से अभिषेक करें, इत्र लगाएं, फूलों की माला चढ़ाएं, चंदन का तिलक लगाएं। पूजा के समय भगवान शिव को सफेद रंग के फल, फूल और मिष्ठान अर्पित करें। आरती कर पूजा संपन्न करें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं और काल भैरव अष्टक का पाठ करें। आरती से पूजा समाप्त करें और क्षमायाचना करें। अगले दिन प्रसाद ग्रहण करके व्रत खोलें। जरूरतमंदों को भोजन कराएं और उनकी मदद करें।

## सेहत

### हल्दी और काली मिर्च साथ खाने से मिलते हैं जबरदस्त फायदे

खाना बनाते समय हम सभी कई तरह के मसालों का इस्तेमाल करते हैं। मसलन, खाने में हल्दी का तड़का लगाया जाता है। हल्दी में करक्यूमिन नाम का एक जबरदस्त तत्व होता है, जो सूजन कम करने वाला, एंटीऑक्सीडेंट और हीलिंग गुणों से भरपूर है। ये छोटी सी चीज स्किन से लेकर डाइजेशन तक के लिए फायदेमंद है। लेकिन इसके साथ एक समस्या है, कि करक्यूमिन अपने आप हमारे शरीर में अच्छे से नहीं घुलता। ऐसे में काली मिर्च को साथ में लेना काफी अच्छा माना जाता है। काली मिर्च में पिपरिन नाम का एक तत्व होता है, जो करक्यूमिन के असर को 2000 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। यही वजह है कि जब हल्दी और काली मिर्च को एक साथ लिया जाता है तो इससे बहुत अधिक फायदा मिलता है। ये कॉम्बिनेशन एक साथ सूजन कम करने, इम्यूनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने, जोड़ों के दर्द में आराम देने और दिमाग की सेहत के लिए काम करती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको हल्दी और काली मिर्च को एक साथ लेने के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं–

**सूजन होती है कम** : हल्दी शरीर की सूजन को कम करती है। वहीं, काली मिर्च में भी हल्के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जब आप इन दोनों को मिलाकर लेते हैं, इससे जोड़ो का दर्द, मांसपेशियों की अकड़न, पेट की सूजन और अंदरूनी इन्फ्लेमेशन कम करते हैं। यह गठिया, पीसीओडी, थायरॉइड या आम शरीर दर्द में फायदेमंद है।

**वजन घटाने में मददगार** : हल्दी सूजन घटाकर हार्मोन्स को बैलेंस करती है और चर्बी के बढ़ने को रोकती है। काली मिर्च मेटाबॉलिज्म तेज करती है और कैलोरी जलाने में मदद करती है। दोनों मिलकर पाचन सुधारते हैं, भूख कंट्रोल करते हैं और फैट लॉस में मदद करते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### सब जूनियर नेशनल फुटबॉल के लिए हेमन्त हांसदा पंजाब रवाना



**साहिबगंज :** फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पंजाब के अमृतसर शहर में 20 से 24 जुलाई,2025 तक आयोजित सब जूनियर नेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए धनबाद में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल ट्रायल के आधार पर बोरियो साहिबगंज निवासी हेमन्त हांसदा का चयन झारखंड टीम में किया गया है। हेमंत हांसदा खेल विभाग द्वारा गिरीडीह में संचालित बालक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र में विगत 03 वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं।उक्त प्रतियोगिता में झारखंड के साथ ग्रुप सी में उड़ीसा,मणिपुर, कर्नाटक आदि टीम को रखा गया है। झारखंड टीम का पहला मुकाबला 20 जुलाई को मणिपुर के साथ 22 जुलाई को कर्नाटक के साथ एवं अंतिम लीग मैच 24 जुलाई को उड़ीसा के साथ होगा। इसप्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। झारखंड टीम के साथ हेमंत हांसदा भाग लेने के लिए देर रात गोमो से अमृतसर के लिए रवाना हुए।उपायुक्त श्री हेमंत सती ,जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा समेत जिले के खेल प्रेमियों ने हेमंत को शुभ कामना दी।

### मारपीट मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के दरगाह डांगा गाँव में मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर रेहाना बीबी ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि दरगाहडांगा गाँव के तीनघड़िया में हुई मारपीट की घटना को लेकर रेहाना बीबी पति इब्राहिम शेख ने एक लिखित आवेदन दिया था। इसी आवेदन के आधार पर माताजुल शेख, आशिक शेख और आलमीन शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रेहाना बीबी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि माताजुल शेख, आशिक शेख और आलमीन शेख ने उनके पति इब्राहिम शेख के साथ मारपीट की और उन्हें जलाकर घायल कर दिया। इस मामले में राधानगर थाना कांड संख्या 269/25, धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 109(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### 87948 श्रद्धालुओं ने किया बाबा पर जलाभिषेक



**बासुकीनाथ :** श्रावणी मेला के आठवें दिन शुक्रवार को शाम 7 बजे तक 87948 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।सामान्य रुट लाइन से 77112,शीघ्र दर्शनम से 3826 एवं जलार्पण काउंटर से 7010 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। साथ ही शीघ्र दर्शनम से 11,47,800 रुपये, गोलक से 59010 रुपए एवं अन्य स्त्रोत से 11825 रुपए प्राप्त हुए।

### प्रखंड मुख्यालय सभागार में मनरेगा कर्मियों की हुई बैठक

**बरकट्ठा :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई। अध्यक्षता बीपीओ श्याम नाथ वर्मा तथा संचालन लेखा सहायक अजीत कुमार ने किया। बैठक में प्रखंड मनरेगा संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार,सचिव अजीत कुमार, उपसचिव जैकी प्रसाद ,कोषाध्यक्ष रघुनंदन कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी महेश कुमार, महामंत्री शिवशंकर प्रसाद, संगठन मंत्री प्रवीण वर्मा को बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष नारायण प्रसाद ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं निष्ठा पूर्वक कार्य करुंगा। साथ ही उन्होंने सभी साथियों का आभार जताया। 8 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने पर सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए 20 जुलाई को हजारीबाग में होने वाले प्रदेश स्तरीय मनरेगा संघ की मनरेगा संघ की सम्मेलन की जानकारी दी गई जिसको सफल बनाने का संकल्प लिया। मौके पर रोजगार सेवक शिवशंकर यादव, शशि कांत कुमार, शिव कुमार यादव, भरत कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, बिनोद कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार समेत सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा से जोड़ने का होगा हर संभव प्रयास : डीसी

**रामगढ़ :** ट्रांसजेंडरों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से समाहरणालय सभा कक्ष में सम्मान समारोह सह ट्रांसजेंडर कार्ड वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा क ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा से जोड़ने एवं सम्मानित जीवन जीने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित ट्रांसजेंडरों से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मौके पर उपायुक्त ने ट्रांसजेंडरों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली।

ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर उपायुक्त ने समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न विभागों में दैनिक मजदूरी दर पर ट्रांसजेंडरों को रोजगार देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने समाहरणालय एवं बस स्टैंड रामगढ़ में ट्रांसजेंडर शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपस्थित ट्रांसजेंडरों को शॉल ओढ़ाकर व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी बीएलए के गठन पर हुई चर्चा

# पंचायत कमेटी को सशक्त बनाने के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता : विधायक




संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में पार्टी के संगठन सृजन 2025 के तहत मासिक बैठक किया।बैठक में साहिबगंज जिला की प्रभारी पाकुड़ विधायक निसात आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।बैठक में संगठन सृजन 2025 के तहत चल रहे ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी बीएलए के गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।प्रखंड अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से उनके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पंचायत की कमेटी के गठन के बारे में जानकारी ली गई साथ ही एआईसीसी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मिलने वाले निदेर्शों के बारे में सभी को जानकारी दी गई।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक निसात आलम ने कहा कि अभी उन्हें आईसीसी के बैठक में बुलाया गया था जहां से उन्हें निर्देश प्राप्त हुआ है कि वह प्रखंड से लेकर पंचायत की कमेटी को सशक्त बनाने के लिए मेहनत करें।ग्राम पंचायत की कमेटी हम सबको पूरी निष्ठा और तन्मयता से बनाना है.जब तक ग्राम स्तर की कमिटी मजबूत नहीं होती तबतक संगठन के मजबूत होने की बात करना बेमानी होगी।उन्होंने कहा की हमें अगर कांग्रेस को मजबूत करना है तो ग्राम स्तर की कमिटियों को मजबूत करना होगा।ग्राम पंचायत कमेटी बनाने में पार्टी के निदेर्शों का पालन जरूर करें।साथ ही उन्होंने सभी प्रखण्ड एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे जेपीसीसी एप्प में अपना पंजीकरण अवश्य कर लें।विधायक निशात आलम ने कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी बनाने के दौरान अगर क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या हो तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं।हम सबको आपस में सामंजस्य स्थापित कर ससमय पंचायत कमेटी का गठन कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सुपुर्द करना है।मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सब मिलजुलकर इस काम को ससमय पूरा करने में अवश्य सफल होंगे।बैठक में मो कलीमुद्दीन,मुर्शाद अली,बासुकीनाथ यादव,अशोक कुमार पासवान,एकलाक नदीम,ऐनुल अंसारी,अशोक कुमार दास, सरफराज आलम,अश्वनी आनंद,राम सिंगार ओझा,मो सलाउद्दीन,मो रिजवान, रंजीत टुडू,परवेज आलम,राजेश कुमार सिंह,मोहम्मद खालिद शेख,लक्ष्मण मंडल,मो शकील अहमद,मो अजीज अंसारी,देवेंद्र कुमार ठाकुर,अली कुरेशी, अजफर खान,सबदुल अंसारी,मोहम्मद रियाज,मो औरंगजेब मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद सादिक अंसारी,शशिधर यादव, गणेश मंडल,कुमार निशांत,सतीश कुमार पासवान एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल थे।

## डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक आयोजित खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर जोर



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी साहिबगंज की शासी न्यास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई एवं कई प्रस्तावों को पारित किया गया।बैठक में मुख्य रूप से राजमहल लोकसभा के माननीय सांसद विजय कुमार हांसदा,माननीय राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन , माननीय बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, माननीय पाकुड़ विधायक निसात आलम सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण पर आधारित योजनाओं को स्वीकृति दी गई। खनन प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं का खाका तैयार किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए कई रचनात्मक सुझाव भी दिए गए, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा विस्तार, मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पाइपलाइन विस्तार और स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना जैसे विषय शामिल थे।उपायुक्त हेमंत सती ने अधिकारियों को पारित योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का निर्देश देते हुए कहा कि डीएमएफटी की प्राथमिकता खनन प्रभावित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करना है।

### दो दिवसीय राज्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है : माया




संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर के हबीबपुर अली नगर स्थित अभियान केंद्र मे अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन होगा।जिसकी जानकारी संगठन के राज्य महिला अध्यक्ष शिवानी पाल ने मिडिया को दी।उन्होंने बताया कि 19 एवं 20 जुलाई को दो दिवसीय राज्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें पूरे झारखंड से 100 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगे।जिसमें मुख्य वक्ता केंद्रीय उपाध्यक्ष तापसी प्रभराज एवं रामपुरी देवी शामिल होंगे.श्रीमती पाल ने बताया कि दो दिनों का प्रतिनिधि सत्र में झारखंड सहित पूरे देश के राजनीतिक परिपेक्ष में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार प्रताड़ना एवं डायन के नाम परना पर,महिलाओं का हत्या करना साथ ही महिला का विकास के लिए शिक्षा स्वास्थ्य सहित कई सवालों पर चर्चा किया जाएगा एवं झारखंड में संगठन चलाने के लिए नए राज्य कमेटी का गठन किया जाएगा.बैठक में माया लायक,निशा गुप्ता,नीलू देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सूचना सह सहायता केंद्र ने 7954 श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया




संवाददाता

**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 31 सूचना सह सहायता केन्द्र, 03 बाइक दस्ता की टीम एवं 02 टोटो चौबिसों घंटे कार्यरत है, ताकि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित सविधा मुहैया कराई जा सके। इसके अलावा मेला के दौरान बाबा नगरी आने वाले महिला श्रद्धालुओं के साथ बच्चों के सुविधा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 10 मातृत्व विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है, जहां मातृत्व विश्राम गृह में सैनिटरी पैड, बच्चों के डायपर, बिस्कीट, दूध उपलब्ध कराया जाएगा एवं महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी इन केन्द्रों पर की गई है।

इसके अलावे सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सूचना-सह-सहायता कर्मियों द्वारा पूरे तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने अपने केंन्द्रों में कार्य किया जा रहा है, ताकि बिछुड़े हुए कांवरियों को उनके परिजनों से मिलाया जा सके। इसके अलावे कांवरिया पथ एवं रूटलाईन में सभी कांवरियों के बीच जलार्पण संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाओं के साथ आवश्यक जानकारी लगातार प्रेषित की जा रही हैं। वहीं लगभग 7954 श्रद्धालुओं को अब तक सूचना सह सहायता केंद्र के माध्यम से उनके परिजनों से मिलाया गया है।

## रंगीन लाइटों से सजाया गया है श्रावणी मेला क्षेत्र को



संवाददाता

**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला,2025 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को विभिन्न रंगीन लाइटों से सजाने का कार्य किया गया है। साथ ही सभी विद्युत पोलों को स्पाईरल लाईट से सुसज्जित किया गया है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में रंग-बिरंगे छोटे-छोटे विद्युत बल्बों की लड़ी लगायी गयी है एवं तोरण द्वार का निर्माण किया गया है।

इसके अलावा मेला क्षेत्र में डेकोरेटिव लाइट, डिजाइनर लाइट व रंग-बिरंगे स्पाईरल लाईट से सुसज्जित विद्युत पोल की सुंदरता परस्पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सिर्फ इतना हीं नहीं इसकी सुन्दरता रात्रि के समय देखने से ऐसा लगता है मानो किसी समारोह या उत्सव में पहुँचे हो। वर्तमान में मंदिर के आस-पास के क्षेत्र, शिवगंगा तट, नेहरू पार्क, बाजार एवं कावड़िया पथ, रुटलाइन व मेला क्षेत्र के अन्य जगहों पर इन लाईटों को जगमगाते हुए आसानी से देखा जा सकता हे। जिला प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला में इन लाईटों को लगाने का मुख्य उद्देश्य यहाँ आए कांवरियों को सुखद अनुभूति प्रदान करना हैं; ताकि यहाँ के साज-सज्जा और सुन्दरता उनके मानस पटल में अविस्मरणीय रूप से लम्बे समय तक अंकित रह सकें।

## 166868 श्रद्धालुओं ने किया बाबा पर जलाभिषेक



**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के आठवें दिन श्रद्धालुओं की कतार बीएड कॉलेज तक पहुँची, जिसके पश्चात अहले सुबह 04:22 बजे से जलार्पण शुरू हुआ। इसके अलावा जलार्पण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 1,66,868 है। साथ ही बाह्य अर्घा के माध्यम से 42,539, आंतरिक अर्घा से 1,16,874 एवं शीघ्र दर्शनम कूपन 7455 से श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया।

## तीन फरार आरोपियों को भेजा गया जेल



संवाददाता

**साहिबगंज /उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को उत्तरी बेगमगंज गांव में छापेमारी कर मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि ये तीनों आरोपी थाना कांड संख्या 268/25 में वांछित थे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अजीत मंडल, अधीर मंडल और सहदेव मंडल शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि मारपीट की घटना के बाद से ही ये तीनों आरोपी लगातार फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सटीक सूचना मिली कि तीनों आरोपी अपने घर पर ही मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर राधानगर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित की और उत्तरी बेगमगंज गांव स्थित आरोपियों के घर पर दबिश दी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों आरोपियों अजीत मंडल, अधीर मंडल और सहदेव मंडल को शुक्रवार को ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दर्शकों के प्यार में डूबीं सारा अली खान, चुमकी को लेकर हुईं भावुक!

**अभिनेत्री सारा अली खान ने हाल ही में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मेट्रो...इन दिनों में अपने किरदार चुमकी को भरपूर प्यार देने के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया।**

**अभिनेत्री** सारा अली खान ने फिल्म मेट्रो...इन दिनों के पर्दे के पीछे की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आभारी, धन्य और बहुत-बहुत खुश हूं। आपने हमारी फिल्म को जो प्यार दिया उसके लिए शुक्रिया और चुमकी को स्वीकार करने और प्यार करने के लिए भी शुक्रिया।

इससे पहले, एक विशेष बातचीत के दौरान, सारा ने खुलासा किया था कि निर्देशक अनुराग बसु का फिल्म बनाने का स्टाइल हैरान करने वाला है। वह अपने कलाकारों को भरपूर स्पेस देने में विश्वास रखते हैं और इसी वजह से उनकी फिल्मों में अभिनय करते हुए कुछ मैजिक मोमेंट्स अपने आप आ जाते हैं। बात करते हुए, केदारनाथ की अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप खुद को पूरी तरह आजाद करने लगते हो, तो कुछ आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होने लगती हैं, जिसे अनुराग बसु मैजिक कहते हैं। हमने खुद को पूरी छूट थी और पूरी तरह वर्तमान पल में डूब गए। इससे शूटिंग का माहौल भी ऊर्जावान और सकारात्मक रहता था। पूरा सेट जैसे जीवंत हो जाता है और हम पूरी तरह अपने अभिनय में तल्लीन हो जाते थे। मेट्रोज इन दिनों साल 2007 में रिलीज हुई लाइफ इन एज मेट्रो का सीक्वल है। लाइफ इन एज मेट्रो में धर्मेंद्र, नफीसा अली, शिल्पा शेट्टी, के.के. मेनन, शायनी आहूजा, इरफान खान, कोंकणा सेन शर्मा, कंगना रनौत और शरमन जोशी नजर आए थे। वहीं, मेट्रोज इन दिनों की बात करें तो इसमें सारा के साथ आदित्य रॉय कपूर रोमांस करते नजर आएंगे, इसके अलावा कई जाने-माने कलाकार हैं, जिनमें अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता भी हैं। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सारा अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह वर्तमान में मर्डर मुबारक फिल्म में नजर आएंगी, जो एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है और नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।







### बॉलीवुड को दे चुकी हैं 300 करोड़ी फिल्म

# 'केरल स्टोरी' फेम योगिता ने अपने रिलेशनशिप पर लगाई मुहर



**हाल** ही बॉलीवुड एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह और एक्टर परमीत सेठी के बेटे आर्यमान सेठी ने अपने रिलेशनशिप को योगिता बिहानी के साथ पब्लिक कर दिया है। हाल ही में अपने व्लॉग में योगिता से फैंस को आर्यमान ने मिलवाया। योगिता ने भी अपने रिलेशनशिप को लेकर बात की है। अर्चना पूरन सिंह के बेटे आर्यमान ने एक्ट्रेस योगिता बिहानी के साथ अपने रिश्ते को हाल ही में पब्लिक किया है। इनका रिश्ता अभी शुरुआती दौर में हैं, मगर दोनों ने पब्लिकली इस रिश्ते को एक्सेप्ट कर लिया है। बातचीत में योगिता बिहानी कहती हैं, 'हां, हम डेटिंग कर रहे हैं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह बात इतनी जल्दी सबके सामने आ जाएगी। यह मेरे लिए भी एक सरप्राइज था। मुझे तो पता भी नहीं था कि आर्यमान हमारे रिश्ते को अनाउंस करने वाला है।' अर्चना पूरन सिंह बेटे आर्यमान ने हाल ही में अपने व्लॉग चैनल के जरिए योगिता को अपने फैंस से मिलवाया। दोनों व्लॉग में साथ में घूमते-फिरते नजर आए। डिनर डेट पर दिखे गए।

### शुरुआती फेज में है रिश्ता

योगिता आगे कहती हैं, 'हम अभी अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दौर में हैं। दोनों इस फेज को एंज्वॉय कर रहे हैं।' बताते चलें कि योगिता और आर्यमान की मुलाकात एक म्यूजिक वीडियो के दौरान हुई। इस वीडियो में आर्यमान ने गाना गाया है। इसी म्यूजिक वीडियो में योगिता नजर आई थीं। इसी दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी थीं।

**इन फिल्मों से चर्चा में आई योगिता बिहानी**

फिल्म 'केरल स्टोरी( 2023 )' में योगिता की एक्टिंग को खूब सराहा गया। इस फिल्म के अलावा वह साल 2020 में 'एके वर्सेज एके' में नजर आई, यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। फिल्म 'विक्रम वेधा( 2022 )' में भी योगिता ने एक अहम किरदार निभाया था।



# इत्ती सी खुशी: सुम्बुल खान ने एक बिखरे परिवार में बेटी की मजबूती को अनोखे अंदाज़ में पेश किया

**दिल** छू लेने वाली कहानियों के लिए प्रसिद्ध सोनी सब एक नई संवेदनशील कहानी 'इत्ती सी खुशी' लेकर आ रहा है, जो आदर्श परिवारों के चमकदार चित्रण से परे जाकर एक सच्चाई को उजागर करता है। हाल ही में रिलीज हुआ इसका प्रोमो काफी चर्चा में है, जो एक ऐसी बेटी की शांत लेकिन सशक्त ताकत को सलाम करता है जो अपने पांच भाई-बहनों और रंग-बिरंगे, उलझे हुए परिवार की रीढ़ बन जाती है। प्रोमो में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान), जो दिवेकर परिवार की धुरी है, एक अस्त-व्यस्त घर और अनकहे ज़िम्मेदारियों के बीच फंसी नज़र आती है। उसे कम उम्र में ही देखभाल करने वाले की भूमिका निभानी पड़ती है, क्योंकि उसके पिता की लापरवाही और शराब की लत के चलते घर की सारी जिम्मेदारियां उस पर आ जाती हैं। स्कूल रिपोर्ट कार्ड पर हस्ताक्षर करना हो या उस वक़्त मज़बूती से खड़ा रहना जब उसका शराबी पिता (वरुण बडोला) उनके इकलौते घर को बेच देता है। प्रोमो में दिखाया गया है कि वह सिर्फ एक अभिभावक नहीं, बल्कि अपने टूटते हुए संसार की स्थिरता बन जाती है। प्रोमो को लेकर अन्विता की भूमिका निभा रहीं सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, मैं इस शो की पहली झलक अपने प्रशंसकों के साथ साझा करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। अन्विता एक ऐसी बेटी है जो परिवार को जोड़े रखने वाला गोंद बन जाती है - वह चुपचाप लेकिन पूरी ताकत से ज़िम्मेदारियों को उठाती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसमें प्रेरणा पाएंगे कि कैसे अन्विता दर्द में भी ताकत ढूंढती है और दुःख में भी गरिमा बनाए रखती है। उन्होंने आगे कहा, प्रोमो की शूटिंग करना एक खास अनुभव था - हमने एक मुंबई के आम मोहल्ले की जीवंतता को जीवंत किया और रजत वर्मा और वरुण सर के साथ वह अनुभव और भी यादगार बन गया।

# हमारी इंडस्ट्री में लोग दूसरों की असफलता पर खुश होते हैं

फराह खान कोरियोग्राफर, डायरेक्टर होने के लिए कंटेंट क्रिएटर भी हैं। यूट्यूब पर वह एक कुकिंग व्लॉग चैनल चलाती हैं, सेलिब्रिटी के घर जाती हैं और बाचतीत करती हैं। हाल ही में फराह ने जैकी भगनानी और रकुल प्रीत से मुलाकात की। इस दौरान फराह ने अपनी एक फ्लॉप फिल्म का जिक्र किया, जिसकी असफलता पर बॉलीवुड में कई लोग खुश हुए। कौन सी थी वो फिल्म? और बॉलीवुड के लोगों के बारे में क्या-क्या खुलासे फराह ने किए? फराह खान बताती हैं कि साल 2010 में फिल्म 'तीस मार खां' की असफलता पर बॉलीवुड में कई लोग खुश हुए। वह कहती हैं, 'हमारी इंडस्ट्री में लोग अपनी सफलता पर खुश होने से ज्यादा दूसरों की असफलता पर खुश होते हैं। मुझे याद है, जब 'तीस मार खां' फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली तो बॉलीवुड में जश्न का माहौल था। जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है, उनका रवैया था, 'अभी आई ना लाइन पर।



# महिला यूरो 2025: स्विट्जरलैंड का सपना तोड़ सेमीफाइनल में पहुंचा स्पेन



**बर्न :** मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन ने शुक्रवार (भारतीय समयानुसार शनिवार) को स्विट्जरलैंड की ऐतिहासिक यात्रा पर विराम लगाते हुए 2-0 की जीत के साथ महिला यूरो 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बेंच से उतरकर एथेनेया डेल कास्टिलो ने पहला गोल दागा, जबकि क्लाउडिया पीना ने शानदार दूसरा गोल कर मुकाबले को निर्णायक बना दिया। पहले घंटे तक मेजबान स्विट्ज टीम ने शानदार बचाव करते हुए स्पेन को गोल करने से रोके रखा और पलटवार के जरिए मौके बनाए, लेकिन जैसे ही स्पेन ने लय पकड़ी, उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। मैच के बाद स्पेन की मिडफील्डर और प्लेमेकर आइताना बोनमाती ने कहा, ₹हां, कई बार हम जल्दी बढ़त लेने की आदत में होते हैं, लेकिन असली फुटबॉल 90 मिनट का होता है, खासकर जब आप यूरोपीय चैम्पियनशिप खेल रहे हों। मैच की शुरूआत में ही स्पेन को पेनल्टी मिली जब नादिन रीजेन ने मैरियोना कालदेंते को लापरवाही से टैकल किया, लेकिन कालदेंते खुद पेनल्टी लेने उतरीं और गेंद को पोस्ट के बाहर मार बैठीं। पहले हाफ में पीना को कई मौके मिले, लेकिन स्विस डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और स्कोर 0-0 पर बनाए रखा। 66वें मिनट में बोनमाती की रचनात्मकता ने खाता खोला, जब उन्होंने बैकहील पास से एथेनेया को सेट किया, जिन्होंने खूबसूरती से गोल दागा। सिर्फ पांच मिनट बाद, स्विट्ज कप्तान लिया वेल्टी से गेंद छीनकर क्लाउडिया पीना ने गेंद को गोल के ऊपरी कोने में शानदार तरीके से डाल दिया, जिससे स्पेन ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अंतिम क्षणों में मैच में और ड्रामा देखने को मिला, जब स्पेन की एलेक्सिया पुटेलास एक और पेनल्टी चूक गईं और स्विट्ज की नोएल मारिट्ज को स्टॉपेज टाइम में सीधा रेड कार्ड दिखाया गया। जीत के बाद स्पेन की टीम ने गोल घेरे में नाचकर जश्न मनाया, वहीं दर्शकों ने तालियों और गीतों के साथ स्विस टीम को विदाई दी, जिसने पहली बार यूरो में नॉकआउट तक पहुंचने का गौरव प्राप्त किया। स्पेन की डिफेंडर लाइया एलेक्सांद्री ने कहा, ₹हमने मानसिक मजबूती दिखाई। क्वार्टरफाइनल आसान नहीं होता, लेकिन हमने धैर्य रखा और टीम की परिपक्वता नजर आई। स्पेनिश टीम ने मैच के बाद मैदान छोड़ रही स्विस खिलाड़ियों के लिए 'गार्ड ऑफ ऑनर' बनाया, जो खेल भावना का प्रतीक था। अब स्पेन का सामना सेमीफाइनल में फ्रांस और जर्मनी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। एलेक्सांद्री ने कहा, ह्लअब यह जश्न का समय है – नाचना, गाना, खुशी मनाना। सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा कदम है।

# ओपन 2025: दूसरे राउंड में ली और हार्मन शीर्ष पर, मैकइलरॉय की उम्मीदें बरकरार

**एजेंसी**

**रॉयल पोर्टरश (नॉर्दर्न आयरलैंड) :** चीन के ली हाओतोंग और अमेरिका के ब्रायन हार्मन ने ओपन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर के बाद आठ अंडर पार स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है, वहीं घरेलू पसंदीदा रोरी मैकइलरॉय ने रोमांचक प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। जी ली ने दिखाया दम, पर एक चूक ने बढ़त छीनी दुनिया के 111वें रैंकिंग वाले ली हाओतोंग ने बदलते मौसम के बीच पहले 12 होल में पांच बर्डी लगाईं और अकेले बढ़त बना ली। हालांकि 14वें होल पर उनकी पहली बोगी ने उन्हें वापस संयुक्त बढ़त पर ला खड़ा किया। ली के लिए यह टूर्नामेंट में पहला ड्रॉप शॉट था।

**हार्मन का बेहतरीन प्रदर्शन, बिना गलती की बोगी-रहित पारी**

ब्रायन हार्मन, जो दो साल पहले रॉयल लिवरपूल में क्लेरेट जुग जीत चुके हैं, ने शुरूआत से ही लय पकड़ी। पहले दो होल में बर्डी करने के बाद उन्होंने आखिरी होल पर आठ फीट की पुट से बर्डी लगाई और कुल छह बर्डी के साथ शानदार 65 का स्कोर किया हार्मन ने कहा, ह्लमुझे यहां का गोल्फ बहुत पसंद है। यहां दूरी मायने रखती है, लेकिन जरूरत से ज्यादा नहीं क्योंकि जमीन कड़ी है और गेंद काफी रोल करती है। मैकइलरॉय का उतार-चढ़ाव भरा दिन, पर कट में पहुंचे घरेलू स्टार रोरी मैकइलरॉय ने पहले राउंड में एक अंडर 70 का स्कोर किया था। दूसरे दिन भी उन्होंने अच्छा संघर्ष किया। पहले होल पर बर्डी से शुरूआत की, जबकि दूसरे होल पर ड्राइव गलत दिशा में जाने के बावजूद उन्होंने शानदार तरीके से पार सेव किया। मैकइलरॉय ने कई बार पुट चूक कर मौके गंवाए, लेकिन 12वें और 14वें होल पर बर्डी लगाते हुए 69 का स्कोर किया और कुल तीन अंडर के स्कोर से कट में जगह बनाई। उन्होंने कहा, ह्ल2019 में मुझे यहां यह मौका नहीं मिला था, इसलिए अब दो और दिन इन दर्शकों के सामने खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मेरा खेल इस वक्त काफी मजबूत लग रहा है और मैं सप्ताहांत के लिए तैयार हूं।



**अन्य प्रमुख स्कोर**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्कॉटी शेफलर ने शुरूआती तीन होलों में बर्डी करते हुए छह अंडर का स्कोर बनाया और इंग्लैंड के मैट फिट्जपैट्रिक के साथ बराबरी पर आ गए। डेनमार्क के रासमुस होयगार्ड, स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकइंटायर, इंग्लैंड के टायरेल हैटन और अमेरिका के हैरिस इंग्लिश पांच अंडर के स्कोर पर हैं।

**पुराने चैंपियनों की विदाई तय**

पूर्व ओपन विजेता जैसे जैक जॉनसन, स्टीवर्ट सिंक, लुई ओस्टहुइजन, पैड्रिग हैरिंगटन और कैमरन स्मिथ जैसे बड़े नाम कट से बाहर होने की कगार पर हैं।

**ओलेसेन की खराब शुरूआत**

रात भर के संयुक्त लीडर जैकब स्कोव ओलेसेन ने दूसरे राउंड की शुरूआत बेहद खराब की। पहले होल पर दो बार आउट ऑफ बाउंड्स मारते हुए उन्होंने क्वाड्रुपल बोगी (आठ शॉट्स) की और एक ही होल में लीडरबोर्ड में शीर्ष से गिरकर 36वें स्थान पर पहुंच गए।

शुक्रवार को मौसम खुला रहा, हवाएं हल्की थीं और ग्रीन्स नरम होने से कई खिलाड़ियों को बेहतरीन स्कोरिंग का मौका मिला।

# प्रीमियर लीग : आर्सेनल ने चेल्सी से नॉनी मडुके को किया साइन

**लंदन :** इंग्लिश क्लब आर्सेनल ने शुक्रवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए चेल्सी के विंगर नॉनी मडुके को साइन कर लिया है। यह डील कथित तौर पर ख48 मिलियन (लगभग 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की बताई जा रही है। आर्सेनल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा,₹हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नॉनी मडुके ने हमारे साथ दीर्घकालिक करार किया है। 23 वर्षीय मडुके ने चेल्सी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 92 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 20 गोल किए और 9 असिस्ट दिए। उन्होंने अमेरिका में आयोजित क्लब वर्ल्ड कप के सात में से पांच मैचों में हिस्सा लिया था, हालांकि फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ 3-0 की जीत में वह नहीं खेले। मडुके ने अपने करियर की शुरूआत क्रिस्टल पैलेस और टोटेनहम हॉट्सपर की यूथ टीम से की थी। इसके बाद वे 2018 में नीदरलैंड्स के क्लब पीएसवी आइंधोवन से जुड़ गए थे। आर्सेनल में मडुके जर्सी नंबर 20 पहनेंगे। उन्होंने चेल्सी को अलविदा कहते हुए इंस्टाग्राम पर लिखाः₹प्रिय चेल्सी फुटबॉल क्लब, पिछले तीन वर्षों के लिए धन्यवाद... मेरे साथियों को धन्यवाद, आप लोगों के लिए मेरे मन में केवल प्यार और सम्मान है। मडुके ने आगे लिखा,₹कोच एंजो मारेस्का, आपके अंडर खेलना सौभाग्य की बात रही। आपने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनाने की कोशिश की, इसके लिए धन्यवाद। और अंत में हर चेल्सी फैन का आभार झ्र प्यार के लिए, तारीफ के लिए और आलोचनाओं के लिए भी झ्र मैं सब कुछ सराहता हूं। यहां से मैं सिर्फ अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।

# स्पेन बनाम अर्जेंटीना: फाइनलिसिमा 2026 में टकराएंगी दो फुटबॉल महाशक्तियाँ

**नई दिल्ली :** यूरोप और दक्षिण अमेरिका की दो फुटबॉल दिग्गज टीमें झ्र स्पेन और अर्जेंटीना झ्र अगले साल मार्च में फाइनलिसिमा 2026 में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला यूएफा यूरो और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियनों के बीच खेला जाएगा। यह मैच 2026 फीफा विश्व कप प्लेऑफ के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जाएगा, बशर्ते स्पेन की टीम विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर ले। यह जानकारी गोल डॉट कॉम की रिपोर्ट के हवाले से दी गई है। यूएफा, फीफा, स्पेनिश फुटबॉल महासंघ, और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन मिलकर फाइनलिसिमा को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुटे हैं। 2026 संस्करण में यह हाई-प्रोफाइल मुकाबला फुटबॉल प्रेमियों के बीच उत्साह और वैश्विक रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, खासतौर पर उस समय जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गतिविधियाँ कम होती हैं। गौरतलब है कि फाइनलिसिमा ने 1985 और 1993 में आयोजित आर्टेमियो फ्रांकी कप की जगह ले ली है। 1993 में अर्जेंटीना ने यह खिताब जीता था, जो दिवंगत महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना का आखिरी अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी था। 2022 में अर्जेंटीना ने इटली को 3-0 से हराकर इस विरासत को आगे बढ़ाया। फाइनलिसिमा 2026 के आयोजन की संभावित तारीख 26 से 31 मार्च के बीच तय की गई है। इसको लेकर शुरूआती बातचीत 75वें फीफा कांग्रेस के दौरान पराग्वे में हुई थी। स्पेन ने हाल ही में यूएफा यूरो 2024 में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। स्पेन के लिए निको विलियम्स ने 47वें और मिकेल ओयारजाबाल ने 86वें मिनट में गोल किए। इंग्लैंड की ओर से एकमात्र गोल कोल पामर ने 73वें मिनट में किया। वहीं, लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार यह खिताब जीता। यह गोल लौटारो मार्टिनेज ने किया। फाइनल मुकाबले के दौरान मेसी को दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट किया गया, जिसके बाद वे भावुक हो गए थे। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने कोलंबिया की 28 मैचों की अपराजेय लय को भी तोड़ दिया और मेसी के करियर के अंतिम पड़ाव में उन्हें दूसरी बार कोपा अमेरिका ट्रॉफी दिलाई।



# पटना में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर, कई इलाके में तेजी से फैल रहा

एजेंसी



**पटना :** बिहार में दो दिन पहले तक लगातार हो रही बारिश शौर नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण गंगा नदी रौद्र रूप ले चुकी है। राजधानी पटना में गंगा के कई घाटों पर पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर आ चुकी है,जिससे दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जल संसाधन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है और बांधों की 24 घंटे निगरानी शुरू कर दी है। हर पल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। जिला प्रशासन ने राहत और बचाव की व्यापक तैयारियां की हैं। पटना के दियारा इलाके में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे कई गांवों में खेत और घर जलमग्न हो गए हैं। दानापुर में गंगा और सोन नदी के जलस्तर से कटाव की समस्या शुरू हो गई है। मनेर और हथिदह में नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुसने की खबरें हैं। जिला प्रशासन ने 245 नाविकों के साथ समझौता किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर नाव और गोताखोरों की मदद से बचाव कार्य तेज किया जा सके। गायघाट में एसडीआरएफ और दीदारगंज में एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में 119 ऊंचे स्थानों की पहचान कर राहत शिविरों की तैयारी की गई है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पटना के प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है या उसके करीब है। गांधी घाट पर जलस्तर 48.76 मीटर (खतरे का निशान 48.60 मीटर), दीघा घाट पर 50.13 मीटर (खतरे का निशान 50.45 मीटर), मनेर में 51.73 मीटर (खतरे का निशान 52 मीटर) और हथिदह में 41.54 मीटर (खतरे का निशान 41.76 मीटर) दर्ज किया गया। देवनानाला में जलस्तर 165.50 फुट है जो खतरे के निशान 167 फुट से थोड़ा नीचे है। पिछले दो दिनों में जलस्तर में ढाई फुट की वृद्धि हुई है। जिससे दियारा, दानापुर और मनेर में पानी फैलने लगा है। मौसम विभाग ने रविवार को उत्तर और पूर्वी बिहार में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी है। सीमांचल और कोसी क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है, जिससे गंगा, कोसी और गंडक नदियों का जलस्तर और बढ़ सकता है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों (पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका) में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश हैं। प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे न जाने, वज्रपात के दौरान खुले स्थानों से बचने और स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहने की अपील की है।

## प्रयागराज में उफान पर हैं गंगा—यमुना, जल स्तर में हो रही वृद्धि



**प्रयागराज :** पतित पावनी मां गंगा एवं यमुना नदियों का जलस्तर शुक्रवार की शाम से तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार सुबह भी जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई। कछारी इलाके में रह रहे लोग अब अपना सामान समेट कर ऊंचे स्थानों पर जा रहे है। जलस्तर बढ़ने की आशंका को लेकर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सक्रिय कर दी गई है। निचले इलाकों में जलभराव न होने पाए, इसके लिए वाटर लिफ्टर भी मंगाए गए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे यमुना के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई। इस समय यमुना के नैनी में 82.63 मीटर पर पानी पहुंच गया है। लगभग 118 सेंटीमीटर पानी बढ़ा है। इसी तरह गंगा के फाफामऊ घाट पर 82.61 मीटर पर जलस्तर पहुंच गया। इस घाट पर लगभग 74 सेंटीमीटर पानी बढ़ गया है। बक्सी बांध में नदी का जल स्तर 82.65 पर पहुंच गया है। यहां 84 सेंटीमीटर वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह वाराणसी की ओर छतनाग घाट पर 82.13 मीटर जलस्तर पहुंचा। यहां लगभग 84 सेन्टीमीटर जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि सभी बंधे सुरक्षित है। जलस्तर 79.50 मीटर से अधिक होने पर दर्ज किया गया है।

## आपदा प्रभावित जिलों में अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें : योगी



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

## आयुर्वैदिक एंड मॉडर्न केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की टीम का छापा

**रोहतक :** स्वास्थ्य विभाग टीम ने हिसार रोड़ स्थित एक आयुर्वैदिक एंड मॉडर्न केंद्र पर छापा मारा है। टीम ने मौके से गर्भपात की दवाई देते डॉक्टर दंपति को काबू किया है। इस संबंध में शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से भारी मात्रा में गर्भपात की दवाईयां भी बरामद की है। शनिवार सुबह स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ विश्वजीत राठी के नेतृत्व में शास्त्री नगर स्थित आयुर्वैदिक एंड मॉडर्न केंद्र पर छापा मारा। इसी दौरान डॉक्टर दंपति को रंगे हाथों गर्भपात की दवाई देते हुए पकड़ा है। इसी बीच सूचना मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में जांच पड़ताल की। शहर पुलिस ने डॉक्टर दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएमओ रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई की है। लगातार मेडिकल स्टोर व अस्पतालों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भागीरथी-अजय नदी का जलस्तर बढ़ा, कई गांवों में जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

एजेंसी



**पूर्व बर्दवान :** पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण अजय और भागीरथी नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इसका असर सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल के कटवा इलाके और नदिया जिले के गांवों पर पड़ा है। कटवा के पानुहाट स्थित दरानीपाड़ा और नदिया जिले के नवाचर गांव में गुरुवार रात से ही पानी घुसने लगा था। गांव की सड़कों पर कमर तक पानी जमा हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। गांवों के खेतों में भी पानी भर गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। खेतों में इस समय परवल और जूट की फसल लगी हुई है, जो अब जलमग्न हो गई है। हालांकि अभी नदी का जलस्तर खतरे के सीमा से नीचे है, फिर भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कटवा शहर के कटगोला पाड़ा, हरिसभा पाड़ा और श्मशान घाट क्षेत्रों में न केवल जलस्तर बढ़ा है, बल्कि धारा की गति भी तेज हो गई है। नदी किनारे बसे 8, 9 और 10 नंबर वार्डों के निवासी दहशत में हैं। शांखाई फेरी घाट पर जलस्तर बढ़ने के कारण फ्लोटिंग जेटी को दो बार स्थानांतरित करना पड़ा है। कटवा नगरपालिका के चेयरमैन समीर साहा ने कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

शहर के भागीरथी तटवर्ती इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है। खासकर खालपाड़ा के पास शांखाई फेरी घाट और अजय-भागीरथी के संगम स्थल पर पूरा इलाका जलमग्न हो गया है। शांखाई और बल्लवपाड़ा फेरी घाट भी पूरी तरह से पानी में डूब चुके हैं।

## वन भूमि से सेब सहित फलदार पेड़ कटान के खिलाफ प्रदेश सरकार जाएगी सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर वन भूमि पर कब्जा कर उगाए हजारों सेब और नाशपाती व अन्य फलदार पेड़ों की कटान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। शुक्रवार शाम को राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में तय किया गया कि हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने भी कहा है कि सरकार कानूनी दृष्टि से हर पहलू पर गंभीरता से विचार कर रही है, ताकि किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा की जा सके। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने वन भूमि पर अवैध कब्जे में लगाए गए फलदार पेड़ों को काटकर जमीन को खाली कराने के आदेश दिए थे। इसके बाद 12 जुलाई से प्रशासन ने कोटखाई के चैथला गांव में बड़ी कार्रवाई की शुरूआत की। इस दौरान अब तक कुल 4530 सेब और नाशपाती के पेड़ काटे जा चुके हैं। शुक्रवार को कार्रवाई के आखिरी दिन पांदली गांव चैथला में 228 पेड़ काटे गए और अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई की अगुवाई एसडीएम कोटखाई मोहन शर्मा ने की। मौके पर डीएफओ ठियोग मुनीश रामपाल, डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा, रेंज ऑफिसर, वन विभाग के कर्मचारी, मजदूर और मशीनें तैनात रहीं। मानसून की बारिश के बावजूद प्रशासन ने इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा किया। चैथला गांव में कुल 57 लोगों का अवैध अतिक्रमण हटाया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत 11 से 18 जुलाई तक हथियार रखने पर रोक लगाई थी। जिनके पास लाइसेंसी हथियार थे, उन्हें कोटखाई पुलिस स्टेशन में जमा करवाना अनिवार्य किया गया था। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण रही और कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। हालांकि सेब सीजन के बीच में हुई इस कार्रवाई को लेकर किसान सभा, सेब उत्पादक संघ और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इससे बागवानों को बड़ा नुकसान हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी चिंता जताते हुए कहा कि पेड़ों को काटने की बजाय सरकार को इन पेड़ों को अपने कब्जे में लेकर उनसे आय अर्जित करनी चाहिए थी।


## पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रुप में 22 जुलाई को सुधीर सिंह लेंगे शपथ

एजेंसी

**पटना :** आगामी 22 जुलाई यानी मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रुप में सुधीर सिंह शपथ लेंगे। वो नवनियुक्त चीफ जस्टिस वीएम पंचोली के बाद सबसे वरिष्ठ जज होंगे। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से उनका तबादला पटना हाईकोर्ट किया गया है। जस्टिस सुधीर सिंह पहले भी पटना हाईकोर्ट में जज के रूप में कार्यरत थे, लेकिन उन्हें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट भेज दिया गया था। अब फिर उनकी वापसी हुई है। वो 20 जुलाई यानी रविवार को चंडीगढ़ से पटना आ रहे हैं। जस्टिस सुधीर सिंह के पिता जस्टिस एनपी सिंह भी सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। जस्टिस सुधीर सिंह की स्कूली शिक्षा की बात करें तो उन्होंने विकास विद्यालय रांची से अपनी स्कूली शिक्षा की है। वर्ष 1991 में उन्होंने अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस शुरू की. उन्होंने केंद्र सरकार के वकील और भारतीय रेलवे के अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। 15 अप्रैल 2015 को उन्हें पटना हाईकोर्ट में अस्थायी जज नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें 20 अप्रैल 2016 को स्थायी जज के रूप में पटना हाईकोर्ट में नियुक्त किया गया था। 2 नवंबर 2023 को उन्हें जज के रूप में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया था. वो 2023 से अभी तक पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में ही अपनी सेवाएं दे रहे थे।

# राजस्थान में भारी बारिश का 18 जिलों के लिए डबल अलर्ट

## छह जिलों में स्कूल बंद, कई इलाके जलमग्न



**जयपुर :** बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हुआ डिप्रेशन सिस्टम अब राजस्थान में पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसके असर से प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 18 जिलों के लिए डबल अलर्ट जारी किया है। इनमें से कई जिलों में मूसलधार बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। हालात की गंभीरता को देखते हुए कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी, अजमेर और राजसमंद में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इन जिलों में शनिवार को सभी निजी व सरकारी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। कहीं नर्सरी से 8वीं तक तो कहीं 12वीं तक के स्कूलों में अवकाश रहेगा। हालांकि, शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों को अपने निर्धारित समय पर स्कूल में उपस्थित रहना होगा। बारां जिले में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गेंदा लाल रैंगर ने नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूलों में अवकाश की घोषणा की। राजसमंद में जिला कलेक्टर ने कुंभलगढ़ व देवगढ़ ब्लॉक के लिए स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। कोटा में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, अजमेर, झालावाड़ और बूंदी के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों ने भी स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। राजधानी जयपुर में शुक्रवार देर रात से बारिश का दौर शुरू हुआ जो शनिवार सुबह तक जारी रहा। सुबह स?कूली बच?चे भीगते हुए स?कूल पहुंचे। सडकों पर जल भराव होने के कारण सुबह आफिस जाने वालों को दिक?कतों का सामना करना पडा। जलभराव के कारण कई मार्गों पर सुबह जाम की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने शनिवार को कोटा और बूंदी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। नागौर, अजमेर, जैसलमेर और बाड़मेर में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जहां भारी बारिश के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। जयपुर, जोधपुर, पाली, भीलवाड़ा, उदयपुर सहित 14 जिलों में येलो अलर्ट जारी हुआ है, जहां मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।इधर प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों में हालात चिंताजनक हो गए हैं। राजसमंद के कुंभलगढ़ क्षेत्र के ओड़ा गांव में तालाब ओवरफ्लो हो जाने से स्कूल वैन पानी में फंस गई, जिसमें तीन बच्चों सहित सात लोग सवार थे। बहाव तेज होने से सभी फंस गए। सूचना पर पहुंची सिविल डिफेंस टीम और ग्रामीणों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में एक युवक की डूबने से मौत हो गई, वहीं सीकर जिले में भी 13 वर्षीय बालक की डूबकर मृत्यु हो गई। बारिश का कहर केवल जनजीवन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे कई बांध भी लबालब हो गए हैं। बीसलपुर बांध करीब 80% तक भर चुका है। प्रदेश के 213 सूखे बांधों में जल आवक शुरू हो गई है, जिनमें से 76 बांध लबालब हो गए हैं। बालोतरा की लूणी नदी में पानी आने पर ग्रामीणों ने खुशी में डांस कर उत्सव

## न्यूज IN ब्रीफ

### कुल्लू में नशा तस्करी का भंडाफोड़ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**कुल्लू :** कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने शुक्रवार बीती रात नशा तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ करते हुए पंजाब के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 11 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 31,000 रुपये की नगदी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसा नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू की टीम इलाके में गश्त पर थी। जब टीम सेऊबाग क्षेत्र में पहुंची तो वहां मौजूद दो व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए और छिपने का प्रयास करने लगे। संदेह के आधार पर टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से 11 ग्राम हेरोइन और बड़ी रकम बरामद हुई। दोनों आरोपियों को तुरंत हिरासत में लेकर नशीली पदार्थ की खेप को जब्त कर लिया गया। नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान अमन शर्मा (36 वर्ष), निवासी सतनाम नगर कॉलोनी, तहसील एवं जिला अमृतसर पंजाब और कुलदीप सिंह (38 वर्ष) निवासी मालाबलि, डाकघर जूजर सिंह, तहसील एवं जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा आगे की जांच के लिए मामला सदर थाना कुल्लू को सौंप दिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इन तस्करों का नेटवर्क और किन-किन इलाकों तक फैला हुआ है।

### बालुरघाट अस्पताल में इंजेक्शन लगने के बाद प्रसुताओं की हालत बिगड़ी, आधी रात को पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी

**कोलकाता :** बालुरघाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शुक्रवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक साथ आठ से 10 प्रसूतियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवारजनों का आरोप है कि अस्पताल की ओर से एक विशेष इंजेक्शन दिए जाने के बाद ही सभी महिलाओं को कंपकंपी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। घटना के तुरंत बाद दक्षिण दिनाजपुर जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुदीप दास रात करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे और लगातार सुबह चार बजे तक हालात पर नजर बनाए रखी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात प्रसूता वार्ड में भर्ती महिलाओं को एक इंजेक्शन दिया गया, जिसके कुछ देर बाद ही कई महिलाओं में कंपकंपी, बेचैनी और श्वास कष्ट जैसे लक्षण सामने आने लगे। इस पर अस्पताल में हड़कंप मच गया और मरीजों के परिजन आक्रोशित हो उठे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दो महिलाओं को सीसीयू में शिफ्ट किया गया, जबकि अन्य बीमार महिलाओं को एक अलग कक्ष में विशेष निगरानी में रखा गया। इस दौरान बवाल की आशंका को देखते हुए बालुरघाट थाने के आईसी सुमंत विश्वास भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मरीजों को कौन-सा इंजेक्शन दिया गया था और क्या वही उनकी बीमारी की वजह बना। अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों की टीम पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। हालांकि शनिवार तड़के तक किसी भी स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रेस के सामने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया था। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और एक मरीज के पति मिथुन माली ने बताया, मेरी पत्नी प्रसूति विभाग में भर्ती है। शुक्रवार रात सभी को एक इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद कई महिलाओं की हालत बिगड़ने लगी। किसी को तेज कंपकंपी हो रही थी, तो किसी को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। हमने मिलकर इस पर जोरदार विरोध दर्ज कराया। अस्पताल प्रबंधन इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहा है और प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि इंजेक्शन की वजह से यह मामला सामने आया या कोई अन्य कारण था।

### गरीब रथ एक्सप्रेस के इंजन में लगी आग, बाल-बाल बचे सैकड़ों यात्री

**अजमेर :** अजमेर-ब्यावर रेल मार्ग पर शनिवार तड़के उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मुंबई से दिल्ली जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस (12216) के इंजन में अचानक आग लग गई। यह हादसा अलसुबह सेंदड़ा रेलवे स्टेशन के पास हुआ। तेज गति से दौड़ती ट्रेन में अचानक धुआं उठता देख लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। जानकारी के अनुसार, जैसे ही सेंदड़ा स्टेशन के पास पहुंची लोको पायलट को इंजन के पिछले हिस्से में धुआं उठता दिखा। उन्होंने तुरंत ट्रेन रोक दी और वायरलेस से कंट्रोल रूम को सूचना दी। इससे पहले कि आग फैलती, राहत व बचाव के इंतजाम शुरू कर दिए गए। हालांकि घटना के बाद काफी देर तक अजमेर-ब्यावर रेलमार्ग पूरी तरह ठप रहा, जिससे कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। इंजन से चिंगारियां और धुआं निकलने के कारण यात्री घबरा गए। रेलवे की प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। रेलवे प्रवक्ता शशिकिरण ने बताया कि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। अजमेर से रेलवे इंजीनियरों और आरपीएफ की टीमें तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं, जिन्होंने आग पर काबू पाया और इंजन को ट्रैक से हटाने का कार्य शुरू किया। अलसुबह हुए इस हादसे के बाद से अब तक अजमेर-ब्यावर रेल ट्रैक पर यातायात पूरी तरह से बंद है। ट्रैक पर खड़ी गरीब रथ के कारण अन्य ट्रेनों को भी रोकना पड़ा है। रेलवे अधिकारी ट्रैक को साफ करने और ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू करने के प्रयास में जुटे हैं।

### अमरनाथ यात्रा: 6,365 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से घाटी के लिए रवाना



**जम्मू :** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6,365 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बम बम भोले का जयघोष करते हुए आज जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से 6,365 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हो गया। इनमें से 2,851 तीर्थयात्री पहलगाम और 3,514 बालटाल के लिए निकले हैं। ये तीर्थयात्री हल्के और भारी मोटर वाहनों सहित 211 वाहनों के काफिले में यात्रा कर रहे हैं। 2 जुलाई को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद 38 दिनों की वार्षिक तीर्थयात्रा दोनों मार्गों से एक साथ शुरू हुई है। यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी। अब तक 2.52 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री इस तीर्थस्थल पर दर्शन कर चुके हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## सांप के काटने पर युवक को समय पर मिली एंटी स्नैक वैनम,बची जान



**बानो :** प्रखण्ड के जराकेल निवासी कृष्णा सिंह को साँप काटने से हुआ घायल।मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा सिंह शुक्रवार सुबह खेत काम के लिए जा रहा था तभी जहरीले सांप ने पैर में काटा। साँप के काटने पर तुरन्त घर आकर परिवार वालों को जानकारी दिया ।जानकारी होने पर घायल को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले जाया गया। चिकित्सा प्रभारी डा मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर इलाज हो जाने के कारण स्वस्थ में सुधार हुई । उन्होंने बताया कि साँप काटने की दवाई सी एच सी बानो में उपलब्ध है। ग्रामीण समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। वहीं कहा कि कृष्णा सिंह की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर है।

## अनुकंपा पर नियुक्ति पत्र दिया गया



**सिमडेगा :** समाहरणालय सिमडेगा में उपायुक्त कंचन सिंह एवं कोलेबिरा विधायक श्री नमन विक्सल कोनगाडी. द्वारा अनुकंपा समिति की अनुशंसा पर स्वर्गीय पावल दयाल लकड़ा (चौकीदार, बोलबा थाना) के आश्रित पुत्र श्री अनमोल लकड़ा को चौकीदार पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उपायुक्त महोदया एवं मनानीय विधायक ने श्री अनमोल लकड़ा को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने श्री लकड़ा को अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से सेवा करने हेतु प्रेरित किया।

## छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरित



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया एवं घाघरा प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत छात्र छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया है।

इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा आठवीं में पढ़नेवाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक श्रेणी के छात्र एवं छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया जाना है।

इस कड़ी में आज बसिया एवं घाघरा में प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षकगण भी वहां उपस्थित थे।

इस योजना का उद्देश्य है कि संसाधन के अभाव में बच्चे पढ़ाई बीच में ना छोड़े। दूर दराज क्षेत्रों से विद्यालय आने में होने वाली कठिनाई को दूर करने के उद्देश्य से सभी जरूरतमंद एवं अर्हताधारी छात्र छात्राओं को स्कूल आवागमन हेतु साइकिल उपलब्ध कराया जाता है। जिससे उन्हें सहूलियत हो और उनकी पढ़ाई में बाधा न आए।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता

**लचरागढ़ :** वनवासी कल्याण केन्द्र की सरकार संबद्धहै शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति,झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता कराया गया।इस अवसर पर अपूर्वा मिंज जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा राहुल कुमार एफ.एस.एल.सी.डी. सिमडेगा और संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे।क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भैया संजीव कुमार,द्वितीय स्थान बहन शिखा कुमारी और तृतीय स्थान बहन मेघा कुमारी ने प्राप्त किए।इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा के बारे में बताते हुए यह बताया गया कि एक्सपायरी डेट वाला खाना नहीं खाना चाहिए साथ ही खाना को हमेशा ढक कर रखना चाहिए।राहुल कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी।तम्बाकू छोड़ने की शपथ दिलाई गई और साथ ही यह बताया गया कि मादक पदार्थों की आदत को छुड़ाने हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल में मुफ्त में दवा वितरित की जाती है।यह भी बताया गया कि देश में तम्बाकू के कारण ही कैंसर इतनी तेजी से पनप रही है। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।अंत में जिला से आए सभी आगंतुकों को प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू जी के द्वारा धन्यवाद दिया गया।इस अवसर पर सभी भैया बहनों सहित प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू,आचार्य प्रमोद पाणिग्रही,सुदर्शन कुमार,जगेश्वर सिंह,गणेश सिंह,अर्जुन महतो,आचार्या श्रीमती लक्ष्मी देवी, विमला देवी,दशरथी देवी, बसंती देवी, सुश्री शकुंतला कुमारी,यमुना कुमारी, निशि कुल्लू,प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी,रश्मि प्रधान,सुनीति कुमारी, रेखा देवी,उपस्थित थे।

# खानाबदोशों की गतिविधियों पर डीआईजी सख्त, थानों को दिए सघन निगरानी के निर्देश

### टेंट लगाकर बसे समुदायों की संदिग्ध हलचलों पर सतर्कता बढ़ाने का आदेश

संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू प्रक्षेत्र के नौशाद आलम ने प्रक्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में टेंट या झोपड़ियों में अस्थायी रूप से रह रहे खानाबदोश समुदायों की संदिग्ध गतिविधियों पर गंभीर चिंता जताते हुए थानों को तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन समुदायों द्वारा जड़ी-बूटी बेचने और परिवार के सदस्यों के माध्यम से भीख मंगवाने की गतिविधियों के साथ-साथ चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन सकता है।



डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में इन समुदायों पर विशेष सतर्कता बरतें और निम्न चार बिंदुओं पर सख्ती से अमल करें।

जिन स्थानों पर ये समुदाय अस्थायी रूप से डेरा जमाए हुए हैं, वहां नियमित और गहन पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए। संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्क्षण कार्रवाई हो। मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिटों को हर समय सक्रिय और सजग स्थिति में रखा जाए।

इन समुदायों के प्रत्येक व्यक्ति की पहचान की जाए। उनके पास उपलब्ध कोई भी पहचान पत्र, निवास अवधि और वर्तमान ठिकानों की सटीक जानकारी एकत्र कर विस्तृत सूची तैयार की जाए और उसका अद्यतन रिकॉर्ड रखा जाए।

इन व्यक्तियों की पूर्व आपराधिक गतिविधियों की जांच त्वरित गति से कराई जाए। यदि कोई अपराधी पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति पाया जाता है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

ग्राम प्रधान, चौकीदार और स्थानीय नागरिकों के माध्यम से सतत संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी आपराधिक योजना या गतिविधि की जानकारी समय रहते मिल सके और तत्काल कदम उठाए जा सकें।

डीआईजी नौशाद आलम ने इस मामले को अत्यंत संवेदनशील बताया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि निगरानी और कार्रवाई में किसी भी स्तर की लापरवाही को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

# हमें आप पर गर्व है



बिनय मिश्रा

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने विभाग और झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के अधिकारी सुनील कुमार नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के रूप में पदस्थापित होने के पश्चात से विभाग को बेहतर और भरपूर विकास गति है और इसी का यह परिणाम है कि बेहतर स्वच्छता के लिए महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती दौपद्री मूर्मू ने झारखंड के जमशेदपुर को तीसरे स्थान प्राप्त होने पर उनके उपलब्धि भरे कार्य और अवसर पर उन्हें सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर नगर विकास विभाग के साथ साथ झारखंड राज्य भी गौरवान्वित हुआ। इस सम्मान से निश्चित तौर पर विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के बेहतर दिशा निर्देश और उत्कृष्ट कार्य प्रणाली को जाता है। श्री कुमार के नाम यह भी उपलब्धि और श्रेय उनके नाम है वे जब भवन निर्माण विभाग के सचिव थे तब इनके कार्यकाल में झारखंड का नया भवन इनके देखरेख में निमार्ण कराया गया । ऐसे उपलब्धि भरे कार्यों से अपनी दक्षता के फलस्वरूप राज्य को विकसित करने वाले आईएएस अधिकारी पर राज्य और विभाग दोनों को गर्व है।

# आंदोलनकारियों को चिन्हित कर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने पर विधायक ने दिया जोर

संवाददाता

**कोलेबिरा :** विधायक नमन विक्सल कोंगारी ने कोलेबिरा अंचल कार्यालय में आंदोलनकारियों को चिन्हित करने और लंबित जनसुविधाओं को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में आंदोलनकारी जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर सेनापति, आंदोलनकारी प्रखंड अध्यक्ष सरयू राम, और आंदोलनकारी सदस्य रविंद्र यादव भी उपस्थित थे।

विधायक कोंगारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जो लोग पूर्व में आंदोलन से जुड़े रहे हैं, उन्हें शीघ्रता से चिन्हित कर सत्यापित (वेरिफाई) करें और इसकी रिपोर्ट भेजें। उन्होंने जोर दिया कि आंदोलनकारियों को पहचान दिलाना आवश्यक है।



इसके अतिरिक्त, विधायक ने जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, और वन पट्टा से संबंधित सभी लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द सत्यापित कर ग्रामीण जनता को सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सरना और मासना से संबंधित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की बात कही।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, मंडल अध्यक्ष राकेश कोंगारी, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष तजमुल अहमद, विधानसभा युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, कोलेबिरा पंचायत अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग, और रैसिया पंचायत अध्यक्ष कंदरू नायक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक के इन निदेर्शों से क्षेत्र में लंबित कार्यों में तेजी आने और आंदोलनकारियों को उनका हक मिलने की उम्मीद है।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों की छतों और परिसर की सफाई की गई

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले में 18 जुलाई से 26 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जल निकासी अभियान की शुरूआत आज विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अस्पताल परिसरों में साफ-सफाई कार्य के साथ की गई। लगातार हो रही वर्षा के कारण उत्पन्न जलजमाव एवं सीलन की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के पहले दिन जिले के कई विद्यालय परिसरों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की छतों पर जमा वर्षा जल को हटाया गया और नालियों की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की गई। विद्यालयों में शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को समझते हुए परिसर की सफाई में योगदान दिया। अस्पतालों में भी छतों और बरामदों की सफाई के साथ जल निकासी कार्य संपन्न किया गया।



उपायुक्त द्वारा पहले ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था कि सभी कार्यों की जियो टैग्ड फोटोग्राफ एकत्र कर जिला स्तर पर प्रस्तुत की जाए, ताकि अभियान की सतत निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। यह विशेष अभियान न केवल भवनों की संरचना को क्षति से बचाने हेतु कारगर है, बल्कि यह बच्चों, मरीजों व आम नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं रोगमुक्त वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल भी है।जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान आगामी 26 जुलाई तक निरंतर रूप से संचालित किया जाएगा।

# खनन पट्टा क्षेत्र के निरीक्षण में गंभीर अनियमितता उजागर, उपायुक्त ने जारी किया सख्त कारण पृच्छा नोटिस

संवाददाता

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर 17 जुलाई 2025 को जिला खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक द्वारा गुमला जिले में संचालित बॉक्साइट खनन पट्टा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खान प्रबंधक, फोरमेन एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में खनन पट्टा क्षेत्र का भौतिक परीक्षण किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण अनियमितताएं सामने आईं।

निरीक्षण में पाया गया कि खनन कार्य अनुमोदित खनन योजना के अनुरूप नहीं हो रहा है और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की स्पष्ट अनदेखी की जा रही है। खनन केवल खनिज के उत्खनन तक सीमित है, जबकि श्रमिकों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय अनुपस्थित मिले। उत्खनित खनिज को अम्बाकोना मौजा स्थित कथित स्टॉक यार्ड में जमा कर वहीं से परिवहन के लिए ट्रकों पर लोड किया जा रहा था। ट्रक चालकों ने यह भी शिकायत की कि कंपनी के ठेकेदार द्वारा जानबूझकर रातभर रोका जाता है, जबकि उन्हें किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा जैसे पानी, बिजली, शौचालय या विश्राम स्थल उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

वाहनों की जांच के दौरान यह भी पाया गया कि तिरपाल एवं सील लगाने की प्रक्रिया केवल खानापूर्ति तक सीमित है, जिससे प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्थानीय रैयतों ने भी खनन के बाद भूमि की पुनर्स्थापना नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि ऐसे क्षेत्र खुले पड़े रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि 16 जुलाई 2025 को उपायुक्त के गुरदरी भ्रमण के दौरान भी स्थानीय नागरिकों एवं रैयतों ने खनन कंपनी के विरुद्ध शिकायत सौंपी थी। पूर्व में भी दिनांक 6 दिसंबर 2024 एवं 2 जनवरी 2025 को इसी कंपनी को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया था, जिनका समुचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

उक्त निरीक्षण के आधार पर जिला प्रशासन ने खनिज (अन्य खनिजों का अभिसंपादन) नियमावली 2016 के नियम-2(1)(ठ) तथा टटऊफ अधिनियम 1957 की धारा 4(1) एवं 4(1)(अ) के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुए अंतिम कारण पृच्छा नोटिस जारी किया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो खनन पट्टे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## लचरागढ़ राजकीय उत्क्रमित विद्यालय में रसोइया का प्रशिक्षण का आयोजन



**लचरागढ़ :** संकुल स्त्रीय रसोइया का एकदिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सी आर सी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लचरागढ़ में सी आर पी नकुल चंद्र महतो के द्वारा कराया गया, जिसमें लगभग 20 स्कूलों के रसोइया शामिल हुए प्रशिक्षण में बताया गया खाना बनाते समय अपने बालों को जुड़ा बांध के रखें स्वच्छता के साथ बच्चों को भोजन देना, रसोईया को साफ रखना, पानी से धोना, खाना को ढक के रखना, कीड़ा मकोड़ा से बचा के रखना है ताकि किसी तरह की गंदगी भोजन में ना गिरे, एप्लॉन के बिना रसोईया घर में प्रवेश नहीं करना है भोजन बनाते समय एप्लॉन का उपयोग जरूरी है, चावल को चुनकर ही भोजन बनाना है जिससे खाना खाने समय बच्चों को कंकड़ ना मिले और भोजन स्वच्छ मिले ।

## जिले में श्रमिक निबंधन एवं जागरूकता अभियान जारी



**गुमला :** गुमला प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले में 11 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक श्रमिक निबंधन एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य निर्माण श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं प्रवासी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनके कल्याण हेतु निबंधन सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों को जागरूक किया गया एवं उनका निबंधन कराया गया। आज के शिविरों के माध्यम से कुल 227 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं 10 श्रमिकों का निबंधन भी किया गया, जिसमें 4 निर्माण श्रमिक, 3 असंगठित श्रमिक एवं 3 प्रवासी श्रमिक शामिल हैं।

यह अभियान ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने एवं उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र श्रमिक पंजीकरण और लाभ से वंचित न रहे।

उपायुक्त द्वार निर्देशित किया गया है कि अभियान अवधि में अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंच बनाकर उन्हें निबंधन की प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी रूप से प्रदान की जाए।

# डीसी ने जन शिकायत निवारण दिवस का किया आयोजन

### गांव के युवकों द्वारा युवती के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पहुंची उपायुक्त के समक्ष

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा सभी फरियादियों के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए।

बिशुनपुर थाना अंतर्गत जामटोली निवासी युवती ने बताया कि गांव के ही कुछ असमाजिक युवकों द्वारा उन्हें बार बार परेशान किया जा रहा है। उन युवकों द्वारा इन्हें जान से मारने की धमकी भी गई है। उनलोगों द्वारा इन्हें जीवन यापन हेतु कोई कार्य नहीं करने दिया जा रहा। इस सम्बन्ध में बिशुनपुर थाने में भी आवेदन दिया गया है। इनके आवेदन पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है।



पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गुमला के अंतर्गत आउटसोर्स माध्यम से ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर द्वारा जनवरी 2025 से कार्य किया जा रहा है। किंतु अबतक इन्हें मानदेय भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि विगत छह माह में से अबतक केवल एक
माह का मानदेय भुगतान हुआ है।

डुमरी प्रखंड अंतर्गत शंखसरडीह से बिर्री गांव तक सड़क जर्जर स्थिति में है। जिससे आमजनों को आवागमन में परेशानी होती है। सड़क मरम्मत हेतु ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त महोदया को आवेदन सौंपा गया है।

जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 20 से अधिक आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, भूमि विवाद, बैंक संबंधी समस्या, मुआवजा, रोजगार ,भूमि अधिग्रहण की राशि, जमीन ऑनलाइन करने के सम्बन्ध एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

प्रेरणा दीक्षित ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा ।